उज्जैन
बुधवार
05
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-273
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ हत्या साबित हुई, हत्यारे नहीं, मर्डर के सभी आरोपी बरी
7 ▸ कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद पाकिस्तानी बॉक्सर टीम होटल से लापता

### उत्तरप्रदेश और झारखंड में बारिश-बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत, केरल में 4 दिन में 25 लोगों की जान गई

# हिमाचल-उत्तराखंड में कई जगह लैंडस्लाइड, 300 सड़कें बंद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश अब जानलेवा साबित हो रही है। झारखंड में मंगलवार को बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा 9 मौतें गिरिडीह, 3 दुमका और 2 लातेहार जिले में हुईं।

यूपी के मिजार्पुर में 3 लोगों की जान चली गई। दो बच्चों की मौत गड्ढे में डूबने से हुई। एक 25 साल के युवक पर बिजली गिर गई। दूसरी ओर केरल में 1 अगस्त से लगातार बारिश ने अब तक 25 लोगों की जान ले ली है, जबकि 4 लोग लापता हैं। लगातार बारिश और बाढ़ के कारण हजारों लोगों को घर छोड़ने पड़े हैं।

केरल सरकार के मुताबिक, 18 हजार से ज्यादा लोगों को राहत शिविरों में रखा गया है। सबसे ज्यादा प्रभावित पथनमथिट्टा, कोट्टायम और अलप्पुझा जिले हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और लैंडस्लाइड के कारण 300 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें हिमाचल की 160 और उत्तराखंड की 100 से ज्यादा सड़कें शामिल हैं। उत्तराखंड के देहरादून और बागेश्वर में 12वीं तक के स्कूलों में आज छुट्टी कर दी गई है।

## यूपी में हाईवे पर बही गंगा, स्कूल नदी में समाया, डैम ओवरफ्लो, शामली में कार बही, 3 की मौत

यूपी में बिजनौर और फरुर्खाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। 45 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। 40 सरकारी स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया है। नदी का पानी हाईवे के ऊपर से बह रहा है। बिजनौर में हाईवे की अप्रोच रोड नदी के तेज बहाव में बह गई। सड़क पर 12 फीट गहरा गड्ढा हो गया। वहीं, फरुर्खाबाद में चित्रकूट डिप के पास बैरिकेडिंग कर हाईवे को बंद करना पड़ा। बुधवार सुबह से कानपुर,



जालौन और चित्रकूट समेत 5 शहरों में तेज बारिश हो रही है। वहीं, लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज और वाराणसी समेत 30 शहरों में बादल छाए हुए हैं। आज सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। 65 शहरों में भारी बारिश के आसार हैं। शामली में पानी के तेज बहाव में एक कार बह गई। एक स्कूल बस अंडरपास में फंस गई। उसे ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाला गया। मिजार्पुर में बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं में 3 लोगों की जान चली गई। सिक्स-लेन सड़क निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। बिजली गिरने से 25 साल के एक युवक की जान चली गई।

### पिछले 5 महीने में दाल 8, तेल 6 रु. महंगा हुआ

# दूध-चीनी समेत राशन की 99% चीजों के दाम बढ़े, त्योहारों में और बढ़ेगी महंगाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

28 फरवरी से 3 अगस्त तक, यानी पिछले 5 महीनों में आम आदमी के खाने-पीने का खर्च तेजी से बढ़ा है। 28 फरवरी वही दिन है, जब अमेरिका-ईरान-इजराइल में जंग शुरू हुई थी।

उपभोक्ता मामले विभाग के प्राइस मॉनिटरिंग सिस्टम के मुताबिक इन 5 महीनों में 16 मुख्य खाद्य वस्तुओं में से 15 के दाम बढ़े हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा तेजी दालों और तेल में रही। इसके अलावा चना दाल रु. 4.65 प्रति किलो, अरहर दाल रु. 5.96, उड़द रु. 5.71, चीनी रु. 2.25, मूंग दाल 



4.55 प्रति किलो और दूध रु. 3, सरसों तेल रु. 7.56 प्रति लीटर महंगा हुआ। चावल के दाम रु. 1.57 और नमक के रु. 0.85 प्रति किलो बढ़े, जबकि आटे की कीमतों में रु. 0.22 की मामूली बढ़ोतरी हुई है।

### अगस्त से त्योहारी सीजन बढ़ाएगा दाम

विशेषज्ञों का कहना है कि दालों की कीमतों में तेजी की सबसे बड़ी वजह इस बार कमजोर और असमान मानसून है। जुलाई के अंत तक खरीफ दालों का रकबा पिछले साल से करीब 7% कम रहा, जिससे उत्पादन घटने और आयात बढ़ने की आशंका से बाजार में कीमतें चढ़ीं। अब अगस्त से शुरू हो रहे रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, नवरात्र और दीपावली जैसे त्योहारों के दौरान दाल और खाद्य तेलों की मांग बढ़ने की संभावना है।

## दीपके समेत सीजेपी आयोजकों की शिकायत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में वकील रिंकी चटर्जी सिंह ने सीजेपी के आयोजकों सौरव दास, अभिजीत दीपके और अन्य के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कराने की शिकायत दी है। उनका आरोप है कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन में 12 साल की बच्ची को शामिल किया गया, जो कानून के अनुसार गलत है। उन्होंने आयोजकों पर पास्को एक्ट और बीएनएस की धारा 153 के तहत कार्रवाई की मांग की है। रिंकी चटर्जी सिंह ने प्रदर्शन की फंडिंग और इसके पीछे लोगों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि सरकार को अस्थिर करने की साजिश की जा रही है।

# घाटी में आतंक के लिए मक्का से फंडिंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू**

दुबई, पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम कश्मीर और यूनाइटेड किंगडम में मौजूद आरोपी मोहम्मद इकबाल नैमा उर्फ अनीस, मुख्तार अहमद बाबा और शमीमा शॉल टेरर फंडिंग की अहम कड़ी के रूप में सामने आई हैं। काउंटर इंटेलिजेंस एजेंसी कश्मीर (सीआईके) ने विदेशी टेरर फंडिंग का बड़ा भंडाफोड़ किया है। दुबई, पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम कश्मीर और यूनाइटेड किंगडम में मौजूद आरोपी मोहम्मद इकबाल नैमा उर्फ अनीस, मुख्तार अहमद बाबा और शमीमा शॉल टेरर फंडिंग की अहम कड़ी के रूप में सामने आई हैं। तीनों आरोपियों पर जम्मू-कश्मीर में आतंकियों, अलगववादियों और आतंकियों के मददगार यानी ओजीडब्ल्यू की फंडिंग के लिए मक्का में 13,600 सऊदी रियाल जमा करने का आरोप है। एजेंसी के सूत्रों के अनुसार यह रकम 10 लाख रियाल तक भी पहुंच सकती है, जो भारतीय मुद्रा में करीब 2.53 करोड़ रुपये होगी।

**दुबई, गुलाम कश्मीर और यूके में मौजूद आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी**

## कर्ज में डूबे लोकसभा के संयुक्त निदेशक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** भारी कर्ज में दबे लोकसभा के संयुक्त निदेशक ने आत्महत्या कर ली। अधिकारी का शव रविवार को उनके घर में फंदे से लटका मिला। उनकी पत्नी घटना के वक्त घर पर नहीं थीं। लौटने के बाद उनकी सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को घर से 10 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें आर्थिक तंगी और लगभग 70 लाख रुपये के कर्ज का उल्लेख है। पुलिस के अनुसार, गौरव गौतम (40) केंद्रीय विहार-2 के पॉकेट-7 में परिवार के साथ रहते थे। रविवार शाम उनकी पत्नी दिल्ली गई थीं और घर पर कोई नहीं था। जब वह लौटीं तो गौरव का शव पंखे से लटका मिला।

## आरएसएस इतिहास बदलने की कोशिश कर रहाः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस देश का इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा है। इसके पीछे एक खतरनाक विचार है। भारत अपने इतिहास के कुचले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा- देश के छात्र दर्द में हैं। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की माफी की जरूरत नहीं है, बल्कि वे चाहते हैं कि पीएम अपनी सरकार के कामों के लिए माफी मांगें।

## संसद में पास हुआ जन्म-मृत्यु बिल, फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने देश में जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सख्त और आधुनिक बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। राज्यसभा ने मंगलवार को जोरदार हंगामे और नारेबाजी के बीच जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल 2026 को ध्वनि मत से पारित कर दिया. इससे पहले यह अहम विधेयक लोकसभा से भी बिना किसी बहस के पारित हो चुका था।

जुलाई 2026 के अंत में संसद में पेश किए गए इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य 1969 के मूल अधिनियम में समय के अनुकूल बदलाव करना है, ताकि फर्जीवाड़े पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके और समय पर रिपोर्टिंग को बढ़ावा दिया जा सके।

**कानूनी शब्दावली में भी किया गया बदलाव-** यह संशोधन बिल कानूनी परिभाषाओं को भी नए कानूनों के अनुरूप अपडेट करता है। इसमें पुरानी आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी, 1973) के संदर्भों को हटाकर नए लागू हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अनुसार एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट जैसे शब्दों को परिभाषित किया गया है।

**कब से लागू होंगे नए नियम** – यह नया कानून जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रेशन (संशोधन) एक्ट, 2026 कहलाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी मिलने और संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद, अब केंद्र सरकार द्वारा आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना जारी करने की तारीख से यह देशभर में प्रभावी हो जाएगा।

### हार के बाद भाजपा का बड़ा संगठनात्मक फैसला

# संगठनात्मक इकाइयों को तत्काल प्रभाव से किया भंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

दतिया में चुनावी हार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा संगठनात्मक कदम उठाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर जिले की सभी संगठनात्मक इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। अब जिले में बूथ, मंडल और अन्य संगठनात्मक स्तरों पर नए सिरे से गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, हालिया चुनावी परिणामों और संगठन की कार्यप्रणाली की 




समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया। नए गठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने के साथ संगठन को अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने पर जोर रहेगा। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि पुनर्गठन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा आएगी और आगामी चुनावों की बेहतर तैयारी हो सकेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दतिया में संगठन को पूरी तरह भंग करना भाजपा का बड़ा संदेश है, जिससे स्पष्ट है कि पार्टी चुनावी प्रदर्शन को लेकर गंभीर है और कमजोरियों को दूर करने के लिए कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हट रही। अब सभी की नजर इस बात पर रहेगी कि नए संगठन में किन नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलती है।

### आर्टिकल 370 हटने के 7 साल-पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी

# महबूबा ने जनता से कहा था- विरोध करने आएं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्रीनगर**

आज जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के आज 7 साल पूरे हो गए। 2019 में 5 अगस्त के ही दिन राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद आर्टिकल 370 और 35ए हटा दिया गया था।

7 साल बीतने के बावजूद कश्मीर के अलगाववादी संगठन इसे मुद्दा बनाए हुए हैं। पीडीपी पार्टी चीफ महबूबा मुफ्ती ने 



मंगलवार को कैंडिल मार्च निकाला, साथ ही लोगों से 5 अगस्त को विरोध दर्ज करने की अपील की है। महबूबा की इस अपील और हाल ही में हुई आतंकी घटनाओं को देखते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें बिना अनुमति के किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन या जुलूस निकालने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा बलों ने सीमा पर बसे गांवों और संवेदनशील इलाकों में देर रात तक फ्लैग मार्च किया।

### पीएम ने सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाने की दी सलाह

# इंस्टाग्राम पर सीएम मोहन यादव के 20 लाख फॉलोअर्स

## मंत्री विजय शाह के सबसे कम 3,924 फॉलोअर्स

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

देश की राजनीति में अब सोशल मीडिया सिर्फ प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि जनता तक सीधी पहुंच का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में केंद्रीय मंत्रियों को इंस्टाग्राम पर सक्रियता बढ़ाने और रील्स-शॉर्ट वीडियो के जरिए युवाओं तक सरकारी योजनाएं पहुंचाने की सलाह दी।

इसके बाद टीम ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों का इंस्टाग्राम रिपोर्ट कार्ड खंगाला। पड़ताल में सामने आया कि जहां कुछ मंत्री लाखों फॉलोअर्स के साथ डिजिटल दुनिया में मजबूत मौजूदगी रखते हैं, वहीं कई मंत्री ऐसे भी हैं जिनके फॉलोअर्स की संख्या 10 हजार से भी कम है। खास बात यह है कि ज्यादातर मंत्रियों के इंस्टाग्राम अकाउंट उनके सलाहकार या अन्य सहयोगी हैंडल करते हैं।



### मोहन कैबिनेट के टॉप-5 इंस्टाग्राम स्टार

मध्य प्रदेश के सोशल मीडिया रिपोर्ट कार्ड में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 लाख (2एम) इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के साथ सबसे आगे हैं। मंत्रियों में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 7.44 लाख (744के) फॉलोअर्स के साथ पहले स्थान पर हैं। उनके बाद सहकारिता एवं खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग 3.84 लाख (384के), पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 1.77 लाख और उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला 1.55 लाख फॉलोअर्स के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

## मंदसौर कलेक्टर के नाम पर बनी फर्जी फेसबुक आईडी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर**

जिले में साइबर ठगों द्वारा एक बड़ा फर्जीवाड़ा करने का प्रयास सामने आया है। मंदसौर जिले के कलेक्टर दिव्यांक सिंह के नाम और तस्वीर का दुरुपयोग कर सोशल मीडिया पर फर्जी फेसबुक आईडी और व्हाट्सएप अकाउंट बनाया गया है। इस मामले के संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आम जनता के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन द्वारा आधिकारिक तौर पर यह स्पष्ट किया कि मो. नं. 7838116357 और इससे जुड़ी फेसबुक प्रोफाइल कलेक्टर महोदय की आधिकारिक आईडी नहीं है। असामाजिक तत्वों द्वारा इस फर्जी खाते का उपयोग कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों को आगाह किया है कि कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के नाम से बनी इस संदिग्ध फेसबुक आईडी या व्हाट्सएप नंबर पर भूलकर भी किसी भी प्रकार की धनराशि न भेजे। इसके साथ ही, इस नंबर पर कोई भी व्यक्तिगत या गोपनीय जानकारी साझा करने से सख्त मना किया गया है।






## ईरान से होर्मुज पर समझौता जल्द हो सकता है : अमेरिका

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को खोलने को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार तक समझौता हो सकता है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि मौजूदा बातचीत सिर्फ होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है। परमाणु कार्यक्रम पर अलग समझौता होगा। अमेरिका का अंतिम लक्ष्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह खत्म करना ही है। दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि वह ओमान के साथ मिलकर होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही के लिए एक सुरक्षित और अस्थायी रास्ता बनाने पर बातचीत कर रहा है। रॉयटर्स के मुताबिक, इस नई व्यवस्था के तहत स्ट्रेट में आने वाले सभी जहाजों पर ईरान का पूरा कंट्रोल रहेगा। वहीं, स्ट्रेट से बाहर जाने वाले जहाजों को ओमान अलग रास्ते से क्लियरेंस देगा। हालांकि, ओमान किसी भी जहाज को मंजूरी देने से पहले इसकी जानकारी ईरान को देगा।

## शेख हसीना का भाषण रोकने से भारत का इनकार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ऐलान किया है कि वे 5 अगस्त को नई दिल्ली स्थित 'फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया (एफसीसीएसए)' के कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करेंगी। बांग्लादेश ने भारत से उनके भाषण पर रोक लगाने की मांग की है। भारत सरकार ने कहा है कि शेख हसीना के ऑनलाइन संबोधन से हमारा कोई संबंध नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह कार्यक्रम एक निजी मीडिया संस्था आयोजित कर रही है। भारत सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। इस मंच पर रखे जाने वाले किसी भी विचार का सरकार समर्थन भी नहीं करती।

## शांत रहने वाला पीओके पाकिस्तान के लिए परेशानी कैसे बना

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान और भारत के बीच कश्मीर को लेकर कई बार युद्ध हो चुका है। पाकिस्तान ने हमेशा भारत के साथ कश्मीर विवाद को सबसे बड़ा मुद्दा माना। इस वजह से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोगों की अपनी परेशानियों पर कम ध्यान दिया गया। अब वहां हालात ऐसे हैं कि सरकार के लिए उनकी आवाज दबाना मुश्किल हो रहा है। महंगाई के खिलाफ शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब एक बड़े राजनीतिक आंदोलन में बदल चुका है। इसे कई वर्षों में पाकिस्तान सरकार के सामने पीओके से उठी सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। पीओके में आंदोलन का नेतृत्व जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी कर रही है। इसका गठन 2023 में हुआ था।

## अयोध्या राममंदिर चढ़ावा चोरी के 2 महीने बाद चंपत राय दिखे

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के करीब 2 महीने बाद पूर्व महासचिव चंपत राय मंगलवार को पहली बार अयोध्या में नजर आए। वह तपस्वी छावनी मंदिर पहुंचे। जब वह मंदिर जा रहे थे तो मीडियाकर्मी उनकी फोटो-वीडियो बनाने लगे। इस पर चंपत राय गुस्से में नजर आए और उंगली से इशारा करके अपने साथियों से कैमरे बंद कराने को कहा। चंपत राय से मुलाकात के बाद तपस्वी छावनी मंदिर के परमहंस आचार्य ने कहा- हम लोगों ने चंपत से निवेदन किया कि आप अयोध्या धाम मत छोड़िए। उन्होंने हमारा निवेदन स्वीकार किया और कहा कि अंतिम सांस तक मैं अयोध्या में रहूंगा। इससे पहले चंपत राय ने 7 जून को वीडियो जारी कर सफाई दी थी कि राम मंदिर में कोई चोरी नहीं हुई है। राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का मामला 6 जून, 2026 को सामने आया था।

## इथियोपिया में भूस्खलन से 14 की मौत, लोग पवित्र जल लेने पहुंचे थे

**अम्हारा।** इथियोपिया के अम्हारा इलाके में भारी बारिश के कारण सोमवार को हुए भूस्खलन में 14 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। कई लोग अभी भी लापता हैं। यह भूस्खलन त्सदकाने डेब्रे मिटमाक सेंट मैरी मठ में हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालु पवित्र जल से शुद्धि की रस्म के लिए जमा हुए थे। डायोसिस के जनरल मैनेजर मेगाबे हादिस नेका तिबेब अबाबू ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया- मरने वालों में से कई लोग पवित्र जल लेने के लिए जमा हुए थे। मरने वालों में से 11 लोगों को मठ में ही दफना दिया गया है, जबकि बाकी लोगों के शव उनके घर दिए गए हैं।

## यमन के पास भारतीय जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

**यमन।** यमन तट के पास लाल सागर में भारतीय झंडे वाले कारोबारी जहाज पर हमला हुआ है। यह हमला ईरान से जुड़े हूती विद्रोहियों ने किया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, विस्फोटकों से लदी एक सुसाइड बोट जहाज से टकरा गई। इसके बाद जहाज डूब गया। हालांकि, उसमें सवार सभी 13 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने जहाज 'एमएसवी फैजे नूर-ए-औलिया' पर हुए हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अरब की राजधानी रियाद में भारतीय दूतावास हालात पर लगातार नजर रखे हुए है और क्रू की सुरक्षा के लिए यमन के अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने कांवड़ यात्रियों पर की पुष्पवर्षा

**उज्जैन।** श्रावण मास के पावन अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट द्वारा रावण क्षेत्र में कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर और माल्यार्पण के साथ उनका आत्मीय सत्कार करते हुए जलपान कराया गया। राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र प्रजापति के अनुसार कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित तपन भौमिक का राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट परिवार द्वारा शॉल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने कांवड़ यात्रियों की सेवा को पुण्य का कार्य बताते हुए समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने कांवड़ यात्रियों की निरंतर सेवा और सहयोग का संकल्प भी लिया। स्वागत समारोह में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र प्रजापति, जिला संयोजक रवि वर्मा, संगठन अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी, महासचिव व सूचना प्रमुख लिना बारोड़, कोषाध्यक्ष नितिन जादौन, सूचना प्रमुख भालाराम प्रजापत, सत्संग प्रमुख विजय सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष रूप सिंह जाट, सलाहकार प्रमुख रूपलाल भदावत, सह-सचिव राजेश रावल, व्यवस्था प्रबंधक प्रमुख लक्ष्मण राव वराडे, सहसंयोजक गुड्डू खिलचीपुर, मीडिया प्रमुख जितेन्द्र परिहार, आयुष प्रजापत, पार्थ नागर, सन्नी, हर्ष खत्री सहित मातृशक्ति से परिणीता ठाकुर एवं बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 9 को बुजुर्गों की अहमियत बताएगा सिंधी नाटक वापसी

**उज्जैन।** शहर के पंडित सूर्य नारायण व्यास संकुल कालिदास अकादमी में 9 अगस्त को सिंधी नाटक 'वापसी' का मंचन किया जाएगा। उषा प्रियंवदा की कहानी पर आधारित इस पारिवारिक नाटक की प्रस्तुति शाम 7:30 बजे से होगी। यह नाटक मुख्य रूप से घर में बुजुर्गों की अहमियत और सामाजिक मूल्यों पर केंद्रित है। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार परसवानी ने बताया कि कुमार किशन द्वारा लिखित और निर्देशित इस नाटक का सिंधी रूपांतरण चिमनदास लखाणी ने किया है। नाटक के गीत ईश्वर चंचलाणी ने रचे हैं, जिन्हें गुरमुख वासवानी ने स्वरबद्ध किया है। संगीत संयोजन की जिम्मेदारी भूषण जैन ने निभाई है। सिन्धू प्रवाह अकादमी सिंधी भाषा को और अधिक समृद्ध करने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न भाषाओं के श्रेष्ठ साहित्य का सिंधी में रूपांतरण कर रही है। इसी कड़ी में भारतेंदु हरिश्चंद्र, असगर वजाहत और बोधायन जैसे साहित्यकारों की रचनाओं के बाद अब 'वापसी' का मंचन किया जा रहा है। अकादमी के पदाधिकारियों ने शहर के रंगमंच प्रेमी दर्शकों से नाटक देखने पधारने का आग्रह किया है।

### स्वस्थ राष्ट्र के लिए युवाओं का नशामुक्त होना जरूरी

**उज्जैन।** स्वस्तिक पीठ इंटरनेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने स्वस्तिक पीठाधीश्वर डॉ. अवधेश पुरी महाराज और गुरुमां डॉ. विद्या पुरी का पूजन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में डॉ. अवधेश पुरी महाराज ने युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प भी दिलाया। अपने संबोधन में महाराजश्री ने कहा कि देश के युवाओं को नशामुक्त किए बिना हम स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकते। केवल स्वस्थ नागरिक ही एक समृद्ध और स्वस्थ देश बना सकते हैं। महोत्सव में उज्जैन और मध्य प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में शिष्य शामिल हुए और गुरु पूजन किया। नागदा बायपास स्थित गौरीसन होटल एंड रिसॉर्ट में इस मौके पर लोटस हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में करीब 50 श्रद्धालुओं के शुगर की जांच की गई। डॉ. अवधेश पुरी महाराज ने स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लोटस हॉस्पिटल के संचालक डॉ. प्रवीण पंड्या और उनकी पूरी टीम का आभार माना। साथ ही, कार्यक्रम के लिए निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराने पर गौरीसन होटल के संचालक हेमंत व्यास को भी धन्यवाद देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नन्हे बच्चों ने रखा शिक्षा के पथ पर पहला कदम

**उज्जैन।** दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी और लिटिल स्टार स्कूल के तत्वावधान में नागदा बायपास स्थित अष्टविनायक मंदिर में नन्हे विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ। बच्चों ने विधि-विधान से मां सरस्वती का पूजन कर शिक्षा के क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा। कार्यक्रम के प्रेरणास्त्रोत पंडित हेमंत व्यास रहे। गायत्री परिवार की उर्मिला तोमर, रजनी मीना और शशि तोमर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यारंभ व पूजन का अनुष्ठान संपन्न कराया। इस अवसर पर दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने पुष्पवर्षा कर बच्चों का स्वागत किया। वहीं, सोसाइटी के डायरेक्टर दिलीप जैन ने बच्चों का तिलक कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. बबीता पाराशर ने विद्यार्थियों को दुपट्टा ओढ़ाकर उनका पूजन किया। उन्होंने कहा कि विद्यारंभ संस्कार भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो बच्चों के जीवन में शिक्षा, अनुशासन और नैतिकता की सुदृढ़ नींव रखता है। अंत में प्राचार्या पूनम यादव ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और गणमान्यजनों का आभार व्यक्त किया।

---

**महाकाल मंदिर में वीआईपी दर्शन और भ्रष्टाचार का अनूठा विरोध**

# गले में तख्तियां लटकाकर जनसुनवाई में पहुंचे युवा कांग्रेसी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




श्री महाकालेश्वर मंदिर में वीवीआईपी प्रोटोकॉल दर्शन, भस्म आरती में धांधली और भ्रष्टाचार के विरोध में मंगलवार को युवा कांग्रेस ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के पदाधिकारी गले में तख्तियां लटकाकर जनसुनवाई में पहुंचे और आम भक्त बनकर प्रभारी अधिकारी के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई।

युवा कांग्रेस के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रितेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे। युवा कांग्रेस के मुकुल गुरैया ने बताया कि महाकाल मंदिर में वीवीआईपी प्रोटोकॉल दर्शन से आम भक्तों को भारी असुविधा हो रही है। कार्यकताओं ने गले में जो तख्तियां पहन रखी थीं, उन पर 'मैं प्रोटोकॉल दर्शन का विरोध करता हूं', 'मैं भस्म आरती की बिक्री का विरोध करता हूं', 'मैं महाकाल मंदिर में हो रहे भ्रष्टाचार का विरोध करता हूं' और 'मैं गर्भगृह में जाने वाले इन्फ्लुएंसर का विरोध करता हूं' जैसे नारे लिखे थे।

युवा कांग्रेस का आरोप है कि दो दिन पहले भी उन्होंने मंदिर प्रशासन को ज्ञापन देकर इन गतिविधियों का खुलासा किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंदिर प्रशासक को ज्ञापन देने पर सुनवाई नहीं होने के कारण कार्यकताओं ने मंगलवार को जनसुनवाई का रुख किया। कार्यकताओं ने प्रभारी अधिकारी को लिखित शिकायत देते हुए कहा कि मंदिर में शासन-प्रशासन के लोग ही भ्रष्टाचार कर रहे हैं। विपक्ष के पदाधिकारी होने के नाते उनकी सुनवाई नहीं हो रही है, इसलिए वे जनसुनवाई में एक आम भक्त बनकर अपनी शिकायत लेकर आए हैं। इस अनूठे प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान सेवादल अध्यक्ष विजय बोराना, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष अम्बर माथुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश धवन, घट्टिया विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह चौहान, योगांश शर्मा, गौतम बैरागी, अमन सोनी, वासुदेव पटेल, विवेक गुर्जर, दीपेश पाटीदार, चेतन चौधरी और हर्ष चतुर्वेदी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**बॉलीवुड के ऑलराउंडर कलाकार थे महान गायक किशोर कुमार**

# वसंत विहार स्थित 'झुमरू' मंदिर में मनाई गई जयंती, प्रशंसकों ने गाए गीत और मूर्ति पर अर्पित की दूध-जलेबी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महान गायक किशोर कुमार की जयंती पर वसंत विहार स्थित ख्यात गायक सुनील बावनिया द्वारा स्थापित किशोर कुमार के मंदिर 'झुमरू' में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गायकों ने किशोर कुमार के गीत गाकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उनकी पसंदीदा दूध-जलेबी अर्पित की। उल्लेखनीय है कि किशोर दा अक्सर कहते थे कि 'खंडवा जाएंगे, दूध जलेबी खाएंगे।'

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद इंदौर के प्रसिद्ध संगीतज्ञ दीपक मल्होत्रा ने कहा कि किशोर कुमार ने हर रंग के गीत गाए। एक इंसान में इतनी विधाएं होना आसान नहीं है। वे एक बेहतरीन पार्श्व गायक, श्रेष्ठ अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ निमार्ता-निर्देशक और एक अच्छे इंसान भी थे। उनके जैसा ऑलराउंडर कलाकार अब मिलना मुश्किल है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला समीक्षक डॉ. हरीशकुमार सिंह ने कहा कि किशोर कुमार ऐसे गायक रहे, जिन्होंने सिने जगत को अपनी आवाज से कई सुपरस्टार दिए। किशोर दा फैंस क्लब के अध्यक्ष पंडित हेमंत व्यास ने कहा कि उनके कंठ में अमृत था और वे अपनी जन्मभूमि खंडवा से बहुत प्यार करते थे। विशेष अतिथि शैलेश लेले ने उन्हें हरफनमौला कलाकार बताते हुए सिनेमा की सभी विधाओं में पारंगत बताया। अतिथि सुभाष पाठक, समाजसेवी अजय भदौरिया, योगेश यादव और अनिल कुरेल ने भी किशोर दा की स्मृतियों को साझा किया।

इस अवसर पर वसंत विहार समिति के अध्यक्ष राजेंद्र परब, निरंजन सरसिया, गोपाल जायसवाल, गायिका रेणु राठौर, प्रीति दीक्षित, दीपिका मल्होत्रा, पी.के. जायसवाल, दिनेश हलधर, पी.एन. दुबे, शैलेंद्र जोशी, श्रीमती मोहन, पिंकी मल्होत्रा और नलिनी बावनिया सहित कई संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरूआत में अतिथियों का स्वागत रतन रायकवार और सुनील कुमार ने किया। संचालन सुनील बावनिया ने किया व आभार रतनलाल रायकवार ने माना।

### वरिष्ठ सौंदर्य विशेषज्ञ मोनीषा छाबड़ा को वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान

शहर की वरिष्ठ सौंदर्य विशेषज्ञ एवं मोनालिसा ब्यूटी सैलून एंड एकेडमी की संस्थापक मोनीषा छाबड़ा को ट्रांसओशेना वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा 'लांगेस्ट रनिंग ब्यूटी सैलून एंड अकादमी' के वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान टीवी सीरियल दीया और बाती हम फेम एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने प्रमाणपत्र सौंपकर प्रदान किया। मोनीषा छाबड़ा को यह उपलब्धि वर्ष 1980 से लगातार अपने प्रतिष्ठित संस्थान को संचालित करने और सौंदर्य के क्षेत्र में दीर्घकालीन सेवाएं देने के लिए मिली है। इस अवसर पर प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सतविंदर कौर सलूजा एवं समाजसेवी सुनीता कलावड़िया भी विशेष रूप से उपस्थित थीं।

### सावन के झूलों और मनोरंजक खेलों के साथ किया वन विहार



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। भारत विकास परिषद महाकाल शाखा का वन विहार कार्यक्रम चिंतामण स्थित सीताराम गार्डन में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। शाखा के संस्थापक दीपक राजवानी ने बताया कि यह आयोजन अध्यक्ष रवि मूले, सचिव अशोक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष यशी सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी सदस्यों का क्रमानुसार परिचय हुआ। इसके बाद बच्चों के गेम्स, कपल गेम्स, सावन के झूले और हाउजी जैसे मनोरंजक आयोजन किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 55 विजेताओं को संस्था के सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन प्रांतीय पदाधिकारी नीला टकशाली एवं राजेश पोरवाल की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। वन विहार कार्यक्रम के संयोजक अमित घारिया, विजय शाह, रितेश पोरवाल, सविता गुप्ता और ज्योति रतनावत थे। कार्यक्रम का सफल संचालन गीता अग्रवाल एवं मोहन हिंगोले ने किया।

---

## महाकाल की सवारी में नारी शक्ति झांझ मंडली ने लहराया परचम



### 45 बेटियों ने सनातन परंपरा के साथ दिया संदेश, प्रदेश सहित राजस्थान के कई शहरों में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है मंडली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल की प्रथम सवारी में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली की बालिकाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया है। 45 बालिकाओं की इस टीम ने प्राचीन वेशभूषा धारण कर झांझ वादन के जरिए सनातन धर्म के संस्कारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

पिछले 15 वर्षों से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत यह टीम सिर्फ उज्जैन में ही नहीं, बल्कि रतलाम, देवास, उन्हेल, राजगढ़ और राजस्थान के भीलवाड़ा, भिलाड़ा व बूंदी जैसे शहरों में भी अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है।

**आत्मरक्षा के लिए सिखाए जाते हैं शस्त्र**

सनातन धर्म के संरक्षण के साथ-साथ बेटियों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा के अलावा आत्मरक्षा में भी निपुण किया जा रहा है। कोच पूजा के नेतृत्व में बालिकाओं को लाठी, तलवार, कराटे और मिक्स मार्शल आर्ट का यह विशेष प्रशिक्षण एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति बाल शारदा ध्यान शाला समिति के माध्यम से सिखाया जाता है, ताकि बेटियां सामान्य कामकाज के साथ अपनी रक्षा स्वयं कर सकें।

**पूजा बिटिया को दिया आशीर्वाद**

सवारी के दौरान तेलीवाड़ा चौराहा स्थित भेरू महाराज मंदिर पर चैतन्य भैरव मित्र मंडली के राकेश तिवारी, बसंत परिहार और दारा सिंह राणा सहित पूरी मित्र मंडली ने टीम का उत्साहवर्धन किया। सभी अतिथियों ने सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और बेटियों को सशक्त बनाने के निरंतर प्रयासों के लिए कोच पूजा बिटिया की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

---

**संतों ने पूजन कर किया रवाना, जगह-जगह मंच लगाकर हुआ स्वागत**

# 11 हजार कावड़ियों के साथ निकली भव्य समर्पण कावड़ यात्रा, बारिश के बीच महाकाल पहुंचा जत्था

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शहर में 11 हजार कावड़ यात्रियों के साथ भव्य समर्पण कावड़ यात्रा निकाली गई। समर्पण सेवा समिति के संरक्षक व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संरक्षण में निकली इस यात्रा के दौरान घनघोर बारिश हुई। श्रद्धालुओं ने इसे इंद्रदेव की प्रसन्नता माना और झूमते-गाते हुए उत्साह व मस्ती के साथ इस उत्सव को मनाया।

कावड़ यात्रा शनि मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई। संत रामेश्वर दास, महावीर नाथ, राधे-राधे श्याम दास, स्वामीनारायण मंदिर के हरि गिरि, काशीनाथ दास और अन्य संतों ने कावड़ पूजन करवाकर यात्रा संयोजक नारायण यादव को कावड़ सौंपी। यहां से यात्रा शुरू होकर नानाखेड़ा टावर, चामुंडा माता और हरी फाटक होते हुए भगवान महाकाल मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह मंच लगाकर और पुष्प मालाओं से कावड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। सचिव राम भागवत के अनुसार इस कावड़ यात्रा में हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, तपन भौमिक, विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी और भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष सम्मिलित हुए। इसके साथ ही यात्रा में समिति अध्यक्ष विजय जायसवाल, सहसंयोजक शैलेंद्र शर्मा, गिरीश जायसवाल, कृष्ण भागवत, तुषार पवार, प्रकाश रजवानी, सतीश लश्करी, मनोज चौरसिया और प्रवीण भागवत ने अपनी विशेष भागीदारी निभाई।

### समर्पण कावड़ यात्रा का महाराजवाड़ा मंडल ने किया स्वागत

उज्जैन। वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव के सानिध्य में निकाली गई भव्य समर्पण कावड़ यात्रा का महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल के नेतृत्व में आत्मीय स्वागत किया गया। बाबा महाकाल के जयघोष एवं भक्ति भाव से ओतप्रोत इस पावन कावड़ यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह, आस्था एवं समर्पण अद्भुत रहा। इस तरह की धार्मिक यात्राएं समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं सनातन संस्कृति के प्रति श्रद्धा को और अधिक सशक्त बनाती हैं। महाराजवाड़ा मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि यात्रा में वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता तपन भौमिक, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, विजय जायसवाल, राम भागवत, शैलेंद्र शर्मा, विजय चौधरी, पंकज मिश्रा, द्रुपत सिंह पंवार, प्रकाश जायसवाल, गोपाल अग्रवाल, नरेंद्र पोरवाल, कार्तिकेय मिश्रा, जितेंद्र आंजना और इंदर चौधरी सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**मंगल का मिथुन राशि में गोचर देश-दुनिया में विवाद और उज्जैन के विकास के संकेत**

# बुद्धि और ऊर्जा का संगम लेकिन जल्दबाजी से बचना होगा- पं. व्यास

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



ग्रहों के सेनापति मंगल 2 अगस्त की रात 11 बजकर 16 मिनट पर मिथुन राशि में प्रवेश कर चुके हैं। वे 18 सितंबर तक इसी राशि में विराजमान रहेंगे। मातंगी ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र उज्जैन के ज्योतिर्विद पंडित अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार मिथुन राशि के स्वामी बुध और मंगल के बीच शत्रु भाव है। इसलिए यह गोचर साहस, पराक्रम और तीव्र बुद्धि का संयोग तो बनाएगा, लेकिन वाणी में कटुता, मानसिक अस्थिरता और निर्णयों में जल्दबाजी जैसी स्थितियां भी उत्पन्न कर सकता है। इस गोचर के प्रभाव से देश-विदेश में विवाद, युद्ध जैसी परिस्थितियां, भूकंप, प्राकृतिक आपदाएं और असमान वर्षा की संभावना बनी रहेगी। वहीं इस दौरान उज्जैन के विकास को विशेष गति मिलेगी।

ज्योतिर्विद पं. अजय व्यास के अनुसार भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो मंगल सूर्य से चौथा और एक पथरीला ग्रह है। इसका लाल रंग आयरन ऑक्साइड के कारण दिखाई देता है। सौरमंडल का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी ओलंपस मॉन्स और विशाल घाटी वैलेस मैरीनेरिस इसी ग्रह पर स्थित हैं। इसके दोनों ध्रुवों पर पानी और कार्बन डाइऑक्साइड की बर्फ मौजूद है। मंगल का उत्तरी भाग अपेक्षाकृत समतल और दक्षिणी भाग अधिक ऊबड़-खाबड़ है।

पं. अजय व्यास ने बताया कि मंगल की प्रखर ऊर्जा और मिथुन की चपल संवाद क्षमता के मिलने से लोगों के जीवन में नए अवसर और चुनौतियां आएंगी। इससे आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी तथा प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सफलता के अवसर मिलेंगे। व्यापार, मार्केटिंग, मीडिया, वकालत, लेखन, तकनीकी तथा संचार क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह गोचर अनुकूल रह सकता है। हालांकि स्वास्थ्य के लिहाज से रक्तचाप, तनाव, अनिद्रा और मानसिक थकान से बचने के लिए नियमित दिनचर्या, योग व ध्यान जरूरी रहेगा।

पं. व्यास के अनुसार मंगल के इस गोचर से मेष राशि वालों के पराक्रम और संचार क्षमता में वृद्धि होगी तथा नए अवसर मिलेंगे, लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी रखनी होगी। वृषभ राशि वालों के लिए धन लाभ के योग बनेंगे, हालांकि खर्चों पर नियंत्रण आवश्यक रहेगा। मिथुन वालों का आत्मविश्वास और ऊर्जा बढ़ेगी तथा नए कार्यों की शुरूआत के लिए समय अनुकूल रहेगा। कर्क राशि वालों के खर्च बढ़ सकते हैं, उन्हें स्वास्थ्य और मानसिक शांति का विशेष ध्यान रखना होगा। सिंह वालों की आय में वृद्धि, नए संपर्कों से लाभ तथा मनोकामनाओं की पूर्ति के योग बनेंगे। कन्या के लिए कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां और पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत हैं। तुला को भाग्य का साथ मिलेगा जिससे धार्मिक यात्रा और उच्च शिक्षा में सफलता मिल सकती है। वृश्चिक राशि वाले स्वास्थ्य व दुर्घटनाओं के प्रति सावधान रहें और धैर्य से कार्य करें। धनु राशि वाले दांपत्य जीवन और साझेदारी में मधुर संवाद बनाए रखें, उन्हें व्यापार में लाभ संभव है। मकर वालों को प्रतियोगी परीक्षाओं, नौकरी और कानूनी मामलों में सफलता के योग बनेंगे। कुंभ के लिए शिक्षा, संतान और रचनात्मक कार्यों में शुभ परिणाम प्राप्त होंगे। वहीं मीन राशि वालों को गृह, परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ मिलेगा, लेकिन उन्हें क्रोध से बचना होगा।

---

## 43 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए डॉ. बीएस मक्कड़

### विशिष्ट उपलब्धियों और समाज सेवा के लिए हुआ नागरिक अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय महाविद्यालय सांवेर के प्राचार्य डॉ. बी. एस. मक्कड़ की सेवानिवृत्ति पर आयोजित गरिमामय समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उनके गुरु डॉ. बी. एल. आंचलिया एवं डॉ. राकेश ढंड विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने डॉ. मक्कड़ की 43 वर्ष की शैक्षणिक सेवाओं का स्मरण करते हुए उन्हें श्रेष्ठ शिक्षक और कुशल प्रशासक बताया। उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों में वाणिज्य विभागाध्यक्ष और शासकीय माधव महाविद्यालय उज्जैन के प्राचार्य पद पर रहते हुए कई नवाचार किए। सांवेर महाविद्यालय में उनके नेतृत्व में संस्थान ने नेक में बी प्लस ग्रेड प्राप्त की। उनके मार्गदर्शन में कई शोधार्थियों ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की और उनके शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हुए। समारोह में उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक प्रो. एच. एल. अनिजवाल ने डॉ. मक्कड़ को शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ उज्जैन संभाग के प्रांतीय सचिव डॉ. केशवमणि शर्मा, संभागीय अध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले, उज्जैन जिला अध्यक्ष डॉ. अजय भार्गव और जिला कोषाध्यक्ष डॉ. जी. एल. खगोडे ने भी उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में संदीप चंगेडिया, डॉ. हरीश व्यास, डॉ. अनुपम जैन, भगवती मकवाना, आशीष कुमार जैन, इंद्रेश चावढा, कुलवंत सिंह गांधी, अमर सीतलानी, सिख व सिंधी समाज के प्रतिनिधि और मक्कड़ परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**गुरोर्यत्र परीवादो निंदा वापिप्रवर्तते।**
**कर्णौ तत्र विधातव्यो गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः॥**

**अर्थः** जहाँ गुरु की निंदा होती है, वहां उसका विरोध करना चाहिए। यदि यह शक्य न हो तो कान बंद करके बैठना चाहिए और (यदि) वह भी शक्य न हो तो वहां से उठकर दूसरे स्थान पर चले जाना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### फर्जी डॉक्टर पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बिना वैध पंजीयन और मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय डिग्री के क्लिनिक चलाने वाले एक व्यक्ति पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। जनसुरक्षा और लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जोशी कॉलोनी, खंडवा रोड स्थित न्यू प्रियंका क्लिनिक को सील कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी के मार्गदर्शन और कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लिनिक की जांच की। जांच में सामने आया कि क्लिनिक का संचालन तपस रॉय नामक व्यक्ति कर रहा था। उसके पास न तो क्लिनिक चलाने का वैध पंजीयन था और न ही मान्यता प्राप्त मेडिकल डिग्री। प्रथम दृष्टया संबंधित नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. दिव्यानी अहरवाल बडेरिया और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नियमानुसार क्लिनिक को सील किया। अधिकारियों का कहना है कि बिना योग्य चिकित्सक और वैध अनुमति के इलाज करना लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। ऐसे मामलों में आगे भी लगातार जांच और कार्रवाई जारी रहेगी।

### 5 हजार के इनामी ड्रग तस्कर का कोर्ट में सरेंडर

**इंदौर।** हीरानगर थाना पुलिस ने एमडी ड्रग के तीन मामलों में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश अजय उर्फ अजय यादव को कोर्ट से गिरफ्तार किया है। पुलिस की लगातार दबिश और गिरफ्तारी के डर से आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट लेकर उसे हिरासत में लिया। आरोपी की तलाश हीरानगर पुलिस और क्राइम ब्रांच लंबे समय से कर रही थी। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अजय उर्फ अजय पुत्र कन्हैयालाल यादव, भागीरथपुरा स्थित इमली वाली गली का रहने वाला है। उसके खिलाफ हीरानगर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत एमडी ड्रग से जुड़े तीन प्रकरण दर्ज हैं। इन सभी मामलों में वह फरार चल रहा था, जिसके चलते उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अजय के खिलाफ हातोद और बाणगंगा थाने में भी करीब पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले क्राइम ब्रांच ने आरोपी के भाई साहिल उर्फ ओमप्रकाश को एमडी ड्रग के साथ गिरफ्तार किया था। क्राइम ब्रांच की टीम मूल रूप से अजय की तलाश में पहुंची थी, लेकिन मौके से उसका भाई साहिल मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। साहिल के खिलाफ भी बाणगंगा और एमजी रोड थानों में तीन प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों का पूरा परिवार मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है। फिलहाल अजय से पूछताछ की जा रही है और पुलिस उससे ड्रग नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### 4 साल का लेखा-जोखा गिनाने के दौरान महापौर का दो बार बंद हुआ माइक

**इंदौर।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव एक होटल में अपने चार साल का लेखा-जोखा गिना रहे थे। इस दौरान दो बार उनका माइक ही बंद हो गया। पहली बार माइक बंद होने पर तो इतना ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद उन्होंने दूसरा माइक लेकर अपनी बात जारी रखी और अपनी उपलब्धियों के बारे में बताने लगे। मगर दूसरी बार फिर उनका माइक बंद हो गया। इस बार माइक बंद होने पर उन्होंने कहा मेरी आवाज बुलंद है। बाद में तीसरा माइक आने के बाद उन्होंने माइक वाले से कह भी दिया कि माइक चार्ज रखा करो। दरअसल, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव निगम परिषद के चार साल पूरे होने पर वे परिषद द्वारा किए गए कामों को बता रहे है थे। इसके साथ ही अगले एक साल में वे क्या कुछ करने वाले है इसकी जानकारी दे रहे थे। मगर चलती प्रेस कॉन्फ्रेंस में दो बार माइक बंद हो गया। आयोजन के दौरान महापौर अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान अचानक एक बार उनका माइक बंद हो गया। इसके बाद उन्होंने दूसरा माइक चेक किया और उससे बोलने लगे। कुछ देर माइक से बोलने और सवालों के जवाब देने के बाद अचानक दूसरी बार भी उनका माइक बंद हो गया। इस पर उन्हें खुद कहना पड़ा कि उनकी आवाज बुंलद है। तीसरा माइक आने के बाद उन्होंने माइक वाले से कह दिया कि भैया माइक चार्ज रखा करो।

### जेम पोर्टल पर इंटरएक्टिव पैनल खरीदी में गड़बड़ी

**इंदौर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत शासकीय स्कूलों और नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों के लिए इंटरएक्टिव पैनलों की खरीदी में गंभीर अनियमितता सामने आई है। जिला शिक्षा केंद्र, इंदौर की शिकायत पर राज्य साइबर सेल ने जांच के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामर तेज कुमार जाटव और निजी फर्म संचालक विक्रांत गुप्ता के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश पर वर्ष 2025 में जिले के 39 शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में दो-दो तथा आठ नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों में एक-एक इंटरएक्टिव पैनल खरीदे जाने थे। इसके लिए गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से निविदा प्रक्रिया शुरू की गई और जिला स्तर पर समिति गठित की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि टेंडर प्रक्रिया में पांच फर्मों को पात्र और 12 फर्मों को अपात्र घोषित किया गया था।

खुदाई के साथ ही तैयार करती जाएगी कंक्रीट की दीवारें, इंदौर में मशीन असेंबल शुरू


# 24 घंटे में 20 मीटर सुरंग बनाएगी थाईलैंड की टीबीएम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर मेट्रो के अंडरग्राउंड सफर की सबसे बड़ी तैयारी शुरू हो गई है। थाईलैंड से आई टनल बोरिंग मशीन अब एक महीने बाद जमीन से करीब 20 मीटर नीचे उतरेगी। अत्याधुनिक मशीन 24 घंटे लगातार काम करेगी और रोजाना करीब 20 मीटर तक सुरंग तैयार करेगी।

खास बात यह है कि टीबीएम सिर्फ खुदाई ही नहीं करेगी, बल्कि आगे बढ़ते हुए सुरंग की मजबूत कंक्रीट की दीवारें भी बनाती जाएगी। इससे निर्माण कार्य तेजी से पूरा होने के साथ सुरंग को सुरक्षित और टिकाऊ बनाने में मदद मिलेगी। मशीन को असेंबल करने का काम करीब एक महीने में पूरा हो जाएगा।

मशीन का वजन करीब 1,000 टन है। असेंबल होने के बाद यह एयरपोर्ट क्षेत्र से खुदाई शुरू करेगी। पहले चरण में एयरपोर्ट से कालानी नगर तक सुरंग तैयार की जाएगी। इसके बाद अगले चरण का काम शुरू होगा। इंदौर में कुल 12 किलोमीटर मेट्रो अंडरग्राउंड रहेगी। पूरे अंडरग्राउंड हिस्से का काम पूरा होने में करीब चार से पांच साल का समय लगने का अनुमान है।



**खुदाई के साथ बनती जाएगी मजबूत सुरंग**

- टीबीएम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह केवल सुरंग नहीं खोदती, बल्कि उसी समय उसकी दीवारें भी तैयार कर देती है। मशीन के भीतर लगे हाइड्रोलिक सिस्टम पहले से तैयार कंक्रीट के सेगमेंट (रिंग) को एक-एक कर जोड़ते चलते हैं। ये रिंग आपस में मिलकर सुरंग की मजबूत गोलाकार दीवार बनाती हैं।
- यानी मशीन जितनी आगे बढ़ती है, उतनी ही लंबाई में पक्की कंक्रीट की सुरंग भी तैयार होती जाती है। इससे मिट्टी धंसने का खतरा नहीं रहता और निर्माण तेजी से पूरा होता है।

**ऐसे काम करती है टीबीएम-** टनल बोरिंग मशीन एक चलता-फिरता भूमिगत कारखाना है। इसका सबसे आगे का हिस्सा गोलाकार कटर हेड होता है, जो साढ़े छह मीटर का है। इसी हिस्से में लगे मजबूत स्टील कटर लगातार घूमते हुए मिट्टी और चट्टानों को काटते हैं। मशीन आगे बढ़ती रहती है और पीछे सुरंग तैयार होती जाती है। खुदाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी और पत्थर मशीन के अंदर लगे सिस्टम और कन्वेयर के जरिए पीछे भेजे जाते हैं। वहां से इन्हें बाहर निकाला जाता है। इससे सुरंग के भीतर मलबा जमा नहीं होता और मशीन बिना रुके आगे बढ़ती रहती है।

**मशीन के अंदर ही पूरी इंजीनियरिंग-** टीबीएम कई आधुनिक तकनीकों का मेल है। इसमें मैकेनिकल सिस्टम, हाइड्रोलिक सिस्टम, शक्तिशाली मोटर और गियर लगे हैं, जो एक साथ काम करते हैं। सबसे आगे कटर हेड घूमता है, जबकि उसके पीछे मशीन के बाकी हिस्से लगे रहते हैं। पूरा सिस्टम इस तरह तैयार किया गया है कि खुदाई, मलबा हटाने और कंक्रीट रिंग लगाने का काम एक साथ चलता रहे।

**दो अलग-अलग सुरंगों से चलेगी मेट्रो-** अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए दो समानांतर सुरंगें बनाई जाएंगी। एक सुरंग से ट्रेन शहर की ओर जाएगी, जबकि दूसरी से वापस लौटेगी। दोनों सुरंगें टीबीएम मशीनों की मदद से तैयार होंगी।

**एयरपोर्ट से शुरू होगा अंडरग्राउंड सफर-** पहली टीबीएम एयरपोर्ट क्षेत्र में लगाई जा रही है। यहां आबादी कम होने के कारण निर्माण कार्य अपेक्षाकृत आसान माना जा रहा है। इसी इलाके में भूमिगत मेट्रो स्टेशन का निर्माण भी चल रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस हिस्से का काम पूरा होने के बाद एयरपोर्ट से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो संचालन की दिशा में बड़ा कदम होगा।

**एलिवेटेड के बाद अब अंडरग्राउंड पर फोकस-** इंदौर मेट्रो का 17.5 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर लगभग तैयार हो चुका है। अब पूरा फोकस भूमिगत सेक्शन पर है। टीबीएम मशीन के अधिकांश पुर्जे 11 ट्रॉलों के जरिए इंदौर पहुंचे हैं।

15 साल की लड़की को 3 लाख मे बेचकर बना रहे थे लूटेरी दुल्हन

# इंदौर पुलिस को 4 दलाल और दोस्त की तलाश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की बाणगंगा पुलिस ने सोमवार को एक नाबालिग लड़की को 3 लाख रुपए में बेचकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए उसकी शादी कराने और उसे दूल्हे के घर से चोरी करने के लिए प्रेरित करने के मामले में गैंग से जुड़े दो लोगों के साथ दूल्हे और उसके पिता को गिरफ्तार किया था।

सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 6 अगस्त तक का रिमांड लिया गया है। इस मामले में पुलिस को अभी लड़की के दोस्त और चार दलालों की तलाश है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से फर्जी दस्तावेजों को लेकर पूछताछ कर रही है।

15 साल की लड़की को बेचकर कराई शादी टीआई सियाराम गुर्जर के मुताबिक, 15 साल की नाबालिग लड़की को बेचकर उसकी शादी कराने के मामले में राकेश यादव को गिरफ्तार किया गया था। उसकी निशानदेही पर संजय पाटीदार, उसके पिता और एक अन्य को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था। राकेश ने अपनी दोस्त सोनू बंजारा का नाम लिया था। पुलिस को इस मामले में किशोर चौहान, कच्छूलाल गुर्जर, लालसिंह गुर्जर और बाबू दादा के नामों की जानकारी मिली थी।



**आपस में संपर्क में थे आरोपी-** टीआई को जानकारी मिली कि दोनों गुर्जर दूल्हे संजय पाटीदार के संपर्क में थे। वहीं बाबू दादा, सोनू और किशोर, लड़की के दोस्त राकेश के संपर्क में थे। सभी ने आपस में मिलकर लड़की को बड़नगर में बेच दिया था। हालांकि, संजय पाटीदार ने अपने बयान में बताया कि उसे जानकारी दी गई थी कि लड़की के माता-पिता को रुपए की बहुत आवश्यकता है। इसके चलते उसने शादी के लिए हां कर दी।

**ऑनलाइन दुकान से बनवाए फर्जी दस्तावेज**

पुलिस को राकेश और संजय से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने नाबालिग लड़की की जन्मतिथि में बदलाव किया था। उन्होंने यह दस्तावेज ऑनलाइन मोबाइल शॉप से बनवाए थे। हालांकि, पुलिस की टीम दोनों को लेकर उक्त दुकानदार के संबंध में जानकारी जुटाने जाएगी। पुलिस दुकानदार को भी आरोपी बना सकती है।

**गुमशुदगी के मामलों में सीधे एफआईआर के आदेश**

इधर, सोमवार को जारी हुए शासन के आदेश के बाद प्रदेशभर के थानों में गुम इंसानों को लेकर सीधे एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। इसमें नाबालिगों से जुड़े मामलों में अपहरण की धाराओं में कार्रवाई करने की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे लेकर जानकारी मांगी है। इसके बाद सोमवार और मंगलवार को थानों में पिछले दिनों गुमशुदा हुए मामलों में सीधे एफआईआर दर्ज की गई। दो दिन में सभी थाना क्षेत्रों में 50 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं।

# ड्रगिस्ट और गुंडिस्ट का गठबंधन है कांग्रेस : सुमित मिश्रा

### शहर अध्यक्ष का व्यवहार गुंडा प्रवृत्ति के व्यक्ति जैसा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की सियासत में कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष का व्यवहार किसी राजनीतिक दल के जिम्मेदार पदाधिकारी जैसा नहीं, बल्कि गुंडा प्रवृत्ति के व्यक्ति जैसा है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस और शहर कांग्रेस में ड्रगिस्ट और गुंडिस्ट का गठबंधन दिखाई दे रहा है।

दरअसल, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा मंगलवार को एक आयोजन में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस के अंदर चल रही कथित खींचतान को लेकर कई आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर नेताओं के बीच विवाद की जानकारी शहर में चर्चा का विषय है। पप्पू की कांग्रेस में जीतू के घर चिंटू और पिंटू का झगड़ा हुआ और दीपू ने उसमें बीच-बचाव किया। शहर में इस बात की जानकारी है। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चिंटू चौकसे कभी कांग्रेस के शहर कार्यालय में किसी कार्यकर्ता के साथ मारपीट करते हैं तो कभी मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को अपशब्द कहते हैं। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के घर पर पार्टी नेताओं के बीच हुए विवाद का भी जिक्र किया।

# 18 साल की रिद्धिका दुनिया से चली गई लेकिन दो अनजान जिंदगियों में छोड़ गई रोशनी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जिंदगी की राह अभी शुरू ही हुई थी कि 18 वर्षीय रिद्धिका राठौर की जीवन-यात्रा अचानक थम गई। लेकिन इस असमय विदाई के बाद भी रिद्धिका हमेशा के लिए अमर हो गईं। उनके नेत्र अब दो नेत्रहीन लोगों की दुनिया में नई रोशनी लेकर आएंगे। गहरे शोक के बीच पिता ने जो निर्णय लिया, वह मानवता के लिए एक प्रेरणादायक संदेश बन गया।



हवा बंगला स्थित ऋषि पैलेस निवासी सौरभ बसंत राठौर की बेटी रिद्धिका राठौर का 4 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों के अनुसार, परीक्षा में सप्लीमेंट्री आने के बाद वह मानसिक तनाव से गुजर रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। बेटी को खोने के असहनीय दुख के बीच भी पिता सौरभ राठौर ने अद्भुत संवेदनशीलता और साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपनी लाडली के नेत्रदान का निर्णय लेकर दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में उजाला करने का संकल्प लिया। मुस्कान ग्रुप और एमके इंटरनेशनल आई बैंक के संयुक्त प्रयास से नेत्रदान की पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। तकनीकी सहयोग में जीतू बगानी, गोपाल सेरोंके और देवेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उधर, रिद्धिका के निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और समाजजनों में शोक की लहर दौड़ गई। रूपेश राठौर, रितेश राठौर, उमेश राठौर, कपिल राठौर, राकेश राठौर, लोकेन्द्र सिंह राठौर, प्रतीक राठौर सहित बड़ी संख्या में परिजन और शुभचिंतक शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। रिद्धिका भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी आंखों की रोशनी दो ऐसे लोगों के जीवन को प्रकाशित करेगी, जो अब इस दुनिया को उनकी आंखों से देख सकेंगे। उनका यह नेत्रदान समाज के लिए यह संदेश छोड़ गया कि जीवन भले समाप्त हो जाए, लेकिन मानवता के लिए किया गया एक निर्णय किसी और की जिंदगी को हमेशा के लिए रोशन कर सकता है।

गुरुदेव ने त्याग और समर्पण को देखते हुए की घोषणा, पूरे पांडाल में गूंजी तालियां

# विश्व जैन प्रसिद्ध गुणायतन के अधिष्ठाता बने बा.ब्र. अशोक भैया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जैन समाज के प्रमुख विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र गुणायतन में आज एक ऐतिहासिक घोषणा हुई। परम पूज्य गुरुदेव ने गुणायतन के सुचारू संचालन हेतु इंदौर उदासीन आश्रम के बाल ब्रह्मचारी अशोक भैया को अधिष्ठाता एवं बाल ब्रह्मचारी अभय भैया जी को उप-अधिष्ठाता पद पर सुशोभित करने की घोषणा परम पूज्य गुणायतन प्रणेता प्रमाण सागर जी के सानिध्य में गुणायतन ट्रस्टियों की उपस्थिति में करतल ध्वनि के साथ की गई। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरुदेव प्रमाण सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन ने कहा कि प्रतिष्ठा के बाद भी गुणायतन को संभालने के लिए त्यागी प्रतिनिधि की आवश्यकता है। त्यागियों के माध्यम से ही धर्म संस्थाएं टिकती हैं। अशोक भैया और अभय भैया का समर्पण, निष्ठा और सेवा भाव सर्वविदित है। हमने चाहा कि ये दोनों अपने प्रतिनिधि के रूप में यहाँ रहें, ताकि समाज को इनका संबल हमेशा मिलता रहे।



गुरुदेव के इन शब्दों पर पूरा सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा। भारत वर्षीय जैन समाज में हर्ष घोषणा के तुरंत बाद समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने खड़े होकर दोनों भैयाजी का अभिनंदन किया। इस उपलब्धि पर इंदौर दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल समाजिक सांसद के अध्यक्ष आनंद नवीन गोधा हंसमुख गांधी, टीके वेद आजाद जैन अशोक खासगीवाला,मंयक जैन एवं फेडरेशन की राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा कासलीवाल, महिला परिषद् की संभागीय अध्यक्ष मुक्ता जैन, रेखा जैन, साधना दगडे आदि ने बधाई दी।गुणायतन ट्रस्टियों ने कहा कि ये दोनों कभी अपनी तरफ से कोई मांग नहीं रखते, पूर्ण रूप से गुणायतन के लिए समर्पित हैं। अब साधना वस्तिका का शुभारंभ भी शीघ्र होने जा रहा है।

इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। मंच पर अशोक भैया , अभय भैया जी के साथ समाज के गणमान्यजन भी विराजमान थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि गुणायतन अब और अधिक गति से धर्म, संस्कार और स्वाध्याय के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा।

गवाह मुकरे, लास्ट सीन थ्योरी और साक्ष्यों की कड़ी नहीं जुड़ी; कोर्ट बोला- संदेह साक्ष्य का विकल्प नहीं

# हत्या साबित हुई, हत्यारे नहीं, मर्डर के सभी आरोपी बरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

पांच साल पहले प्रेम विवाह के बाद हुई चर्चित हत्या के मामले में जिला कोर्ट ने सभी पांच आरोपियों अर्जुन वास्केल, रमेश वास्केल, दिनेश वास्केल, मुकेश वास्केल और महेश गोयल को बरी कर दिया।

कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि युवक की हत्या हुई थी और शव जलाकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश भी की गई, लेकिन अभियोजन यह संदेह से परे साबित नहीं कर सका कि हत्या इन्हीं आरोपियों ने की थी। पुलिस जांच की कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिनकी वजह से पूरा मामला कोर्ट में टिक नहीं सका।

मामला फरवरी 2021 का है। खुडैल थाना क्षेत्र के जंगल में एक अधजला शव मिला था। बाद में डीएनए जांच से उसकी पहचान लवकुश राठौर के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि लवकुश ने संजू नाम की युवती से प्रेम विवाह किया था और इसी रंजिश में युवती के परिजनों ने उसकी हत्या कर शव को जलाकर जंगल में फेंक दिया।




**कोर्ट की प्रमुख टिप्पणियां**

- एडवोकेट ने कहा कि कोर्ट ने भी अपने निर्णय में स्पष्ट किया है कि सिर्फ संदेह होना और अपराध सिद्ध होना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। अभियोजन आरोपियों के खिलाफ संदेह से परे अपराध साबित नहीं कर सका, इसलिए सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।
- युवक की हत्या हुई थी और शव जलाकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश भी की गई थी। डीएनए जांच से मृतक की पहचान सही साबित हुई। अभियोजन यह साबित नहीं कर पाया कि हत्या इन्हीं आरोपियों ने की। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि ररसंदेह कितना भी मजबूत हो, वह साक्ष्य का स्थान नहीं ले सकता। अभियोजन को अपना मामला संदेह से परे सिद्ध करना होता है।


हालांकि ट्रायल के दौरान अभियोजन के कई महत्वपूर्ण गवाह अपने ही पुराने बयानों से मुकर गए। मृतक की मां, भाई और कथित प्रत्यक्षदर्शी ने भी पुलिस की कहानी का समर्थन नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि केवल प्रेम विवाह को हत्या का कारण मान लेना पर्याप्त नहीं है। अभियोजन यह भी साबित नहीं कर पाया कि घटना के समय आरोपी मृतक के साथ थे।

कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपियों से बरामदगी संबंधी मेमोरेंडम का कोई महत्व नहीं रह जाता, क्योंकि जिन वस्तुओं की बरामदगी बताई गई, उन्हें पुलिस तीन साल पहले ही घटनास्थल से जब्त कर चुकी थी। ऐसे में आरोपियों की निशानदेही से कोई नया तथ्य सामने नहीं आया। इन्हीं आधारों पर कोर्ट ने संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपियों को हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

बचाव पक्ष ने एडवोकेट अंशुल राठौर ने कोर्ट के समक्ष मुख्य रूप से यह तर्क रखे कि- परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की पूरी कड़ी नहीं मिली है। रिकॉर्ड पर ऐसा कोई प्रत्यक्ष या वैज्ञानिक साक्ष्य मौजूद नहीं था, जो आरोपियों को लवकुश की हत्या से सीधे तौर पर जोड़ता हो। पुलिस ने मामले की जांच लापरवाहीपूर्वक की। करीब चार वर्षों तक जांच चलने के बावजूद प्रस्तुत की गई चार्जशीट में कई गंभीर त्रुटियां और खामियां थीं, जिन्हें सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष विस्तार से रखा गया। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि पुलिस ने केवल संदेह के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जबकि संदेह मात्र किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने का आधार नहीं हो सकता।

# पेंचवैली एक्सप्रेस के एसी कोच में शॉर्ट सर्किट, कोच खाली कराया

## इटारसी के पास पैनल से धुआं निकलने लगा; चेन खींचकर ट्रेन रोकी



ब्रह्मास्त्र ›› इटारसी

नैनपुर से इंदौर के बीच चलने वाली पेंचवैली एक्सप्रेस ट्रेन के इ2 एसी कोच में बुधवार तड़के 4 बजे आग लग गई। कोच में अचानक धुआं निकलने से हड़कंप मच गया। ट्रेन रोककर यात्रियों को तुरंत बाहर निकाला गया। कोच में करीब 72 यात्री सफर कर रहे थे। इनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थे।

घटना इटारसी से पहले पोला पत्थर स्टेशन की बताई जा रही है। गाड़ी नंबर-19344 पेंचवैली एक्सप्रेस भोपाल की ओर आ रही थी। इ2 कोच फुल था और यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। धुआं फैलने से उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एसी के पैनल से धुआं निकल रहा था। तुरंत चेन खींचकर ट्रेन रोकी गई।

यात्रियों ने बताया कि एसी पैनल में आग लगने के बाद उससे चिंगारियां निकलने लगीं। फायर अलार्म बजने लगे और लाइट बंद-चालू होने लगी। इससे यात्री घबरा गए। बाहर निकलते समय वे हड़बड़ी में बिना सामान के ही उतर गए। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे के करीब 35 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जांच के बाद ट्रेन को आगे बढ़ने की परमिशन दी। घटना के बाद बी2 कोच के सभी यात्रियों को आसपास के कोच में शिफ्ट किया गया। इसके बाद वे इन्हीं कोच में सवार होकर आगे का सफर कर रहे हैं।

# भोपाल में ब्रीक्स सम्मेलन आज से, 10 देशों की भागीदारी

## 100 से ज्यादा विदेशी मेहमान आएंगे; चार दिन चलेगी संस्कृति से जुड़ी बैठकें






ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल में बुधवार से ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन-2026 की शुरूआत होगी। यह 4 दिन तक चलेगा। इसमें 100 से ज्यादा विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन (मिंटो हॉल) में तैयारियां पूरी हो गई है।

लंच और डिनर में उन्हें प्रदेश के प्रमुख व्यंजन जैसे- दाल बाफले, निमोना, रिकमच, गुइया की सब्जी, चंबल का थोपा, चंदिया, बड़ा और स्वास्थ्यवर्धक मिलेट्स पर आधारित कोदो व कुटकी आदि का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय अतिथियों के स्वाद और प्राथमिकताओं का ध्यान रखते हुए वेस्टर्न (पश्चिमी) और ओरिएंटल व्यंजनों की भी भव्य श्रृंखला परोसी जाएगी। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में सचिव विवेक अग्रवाल और अपर मुख्य सचिव संस्कृति एमपी शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि तीसरी ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की बैठक में भाग लेने वाले ब्रिक्स सदस्य और भागीदार देशों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचेंगे।

इस दिन प्रतिनिधियों का पंजीकरण, मान्यता, द्विपक्षीय बातचीत और प्रदर्शनियों का दौरा शामिल होगा। इसी दिन शाम को प्रतिनिधि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का दौरा करेंगे। जहां पॉटरी (मृदा शिल्प) प्रदर्शनी में उनका पारंपरिक स्वागत किया जाएगा और स्वदेशी शिल्प व पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के लाइव प्रदर्शन दिखाए जाएंगे। इसके बाद प्रतिनिधि ट्राइबल हैबिटेट में 'नागा हाउस' और 'हिमालयी गांव' का गाइडेड भ्रमण कर वहां की वास्तुकला, जीवन शैली व सांस्कृतिक विरासत का अवलोकन करेंगे। प्रेक्षागृह में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें कथक नृत्य, पारंपरिक सामुदायिक नृत्य और भारत की विविध पारंपरिक व जनजातीय पोशाकों को प्रदर्शित करने वाला एक फैशन शो प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम मिंटो हॉल में होगा। यहां 'ज्ञान भारतम', 'प्रोजेक्ट मौसम' और 'प्रोजेक्ट बृहत्तर भारत' पर तीन विशेष प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। ये प्रदर्शनियां इन चारों दिन आम जनता के लिए खुली रहेंगी। ये प्रदर्शनियां भारत की पांडुलिपि विरासत, समुद्री सांस्कृतिक संबंधों और सभ्यतागत जुड़ाव को प्रदर्शित करने के साथ विरासत संरक्षण, सांस्कृतिक कूटनीति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में भारत की पहलों को रेखांकित करेंगी।

6 अगस्त बैठक में ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों के घोषणापत्र के मसौदे और सांस्कृतिक सहयोग के अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इनमें सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा, संग्रहालय, सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और ब्रिक्स देशों के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव शामिल हैं।

## नाली नहीं साफ करने पर सतना नगर निगम पर जुमार्ना

ब्रह्मास्त्र ›› सतना

सतना जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने शासकीय नाली से अवैध अतिक्रमण न हटाने और नियमित साफ-सफाई न कराने को नगर निगम की सेवा में कमी माना है। आयोग ने मंगलवार को इस मामले में नगर निगम पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। आयोग ने नगर निगम को तत्काल नाली से अतिक्रमण हटाने और उसकी साफ-सफाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इसके अतिरिक्त, शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपए परिवाद व्यय के रूप में देने के भी निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय तथा सदस्य उमेश गिरि और विद्या पांडेय की पीठ ने सुनाया। शिकायत धवारी निवासी अधिवक्ता वीरेन्द्र सिंह ने दर्ज कराई थी, जिनकी ओर से अधिवक्ता विपिन सिंह ने पैरवी की।

शिकायत के अनुसार, वार्ड क्रमांक-32, गली नंबर-1, चांदमारी रोड धवारी स्थित एक मकान से लगी शासकीय नाली पर लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर लिया था। इस कारण नाली की सफाई नहीं हो पा रही थी और गंदा पानी शिकायतकर्ता के घर में भर रहा था, जिससे भवन और घरेलू सामान को नुकसान पहुंच रहा था। शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि नगर निगम संपत्ति कर और साफ-सफाई सहित अन्य सेवाओं के लिए शुल्क वसूलता है, इसलिए नाली का रखरखाव उसकी जिम्मेदारी है। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि सिविल न्यायालय पहले ही नाली में बने अवरोध को हटाकर सफाई कराने का आदेश दे चुका था, लेकिन नगर निगम ने उसका पालन नहीं किया।

# मप्र में ईएसबी ने निकाली 2306 पदों पर भर्ती, कृषि मंडी बोर्ड में सबसे ज्यादा 530 वैकेंसी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 2306 पदों पर भर्ती निकली है। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने ग्रुप-2 उपसमूह-4 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 के लिए आवेदन शुरू किए हैं। इसमें दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पटवारी के 200 पद शामिल हैं। इसके अलावा 61 विभागों और संस्थाओं में 2106 पदों पर भर्ती होगी।

2306 पदों की भर्ती में सबसे ज्यादा 530 पद मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड में हैं। इनमें सहायक उप निरीक्षक के 530 पद शामिल हैं। इसके बाद पंचायत राज संचालनालय में 373 पद, आयुक्त सहकारिता में 105 पद, महिला एवं बाल विकास विभाग में 88 पद, एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन में 118 पद और उद्योग संचालनालय में 45 पद हैं। इसके अलावा अलग-अलग मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, नगर निगम, विकास प्राधिकरण, सहकारी दुग्ध संघ और अन्य सरकारी संस्थाओं में भी पद हैं।

MPESB की नियम पुस्तिका के अनुसार पटवारी के 200 पदों पर भर्ती भी इसी परीक्षा के माध्यम से होगी। इन पदों का जिलावार विवरण अलग से जारी किया गया है। पटवारी पद के लिए अलग पात्रता, आयु सीमा और चयन संबंधी नियम लागू होंगे।

### समूह दो उपसमूह 4 संयुक्त भर्ती परीक्षा में 2106 पदों पर भर्ती के लिए विभागवार रिक्त पद

**पंचायत राज संचालनालय**
खंड पंचायत अधिकारी- 5
डेटा एंट्री आपरेटर संविदा-3
पंचायत समन्वय अधिकारी-311
ंचायत समन्वय अधिकारी बैकलाग-54
सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण
कम्प्यटर आपरेटर सह सहायक वर्ग 3 संविदा-124
**स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग**
सहायक संपरीक्षक -20
सहायक संपरीक्षक बैकलाग-24
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित
जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक-20
**जल संसाधन विभाग**
अमीन-34
**जनजातीय कार्य विभाग**
डेटा एंट्री आपरेटर-17
मंडल संयोजक-72
**हाथकरघा और हस्तशिल्प संचालनालय**
सहायक ग्रामोद्योग विस्तार अधिकारी हाथकरघा-12
**एमपी लघु उद्योग निगम**
प्रबंधक सामान्य -12
सेल्स गर्ल-4
**आईजी पंजीयन और मुद्रांक**
सहायक प्रोग्रामर-1
**नगर निगम सतना**
सहायक आयुक्त-3
**जनसंपर्क संचालनालय भोपाल**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी-4
**प्रशासन अकादमी**
संविदा अर्थ स्टेशन इंजीनियर-1
**शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा**
ग्रंथालय लिपिक-1
**डीन एसएस मेडिकल कॉलेज रीवा**
असिस्टेंट लाइब्रेरियन-2
कैटलॉगर-2
सोशल वर्कर-2
**सुपर स्पेशलिटी एसएस मेडिकल कालेज रीवा**
असिस्टेंट लाइब्रेरियन-1
कार्डियो परफ्यूजनिस्ट-4
**शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खुरई सागर**
लाइब्रेरी लिपिक-1
**नंदकुमार सिंह चौहान मेडिकल कालेज खंडवा**
असिस्टेंट लाइब्रेरियन-1
कैटलॉगर-1
स्टेटिस्टीशियन-1
**अवर सचिव उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण**
ग्रंथपाल-1
**डीन छिंदवाड़ा कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस**
असिस्टेंट लाइब्रेरियन-1
कैटलॉगर-1
**पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह**
ग्रंथालय लिपिक-1
पुस्तकालयाध्यक्ष-1



# कटनी में 7 से 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' होगा समस्याओं का निराकरण

ब्रह्मास्त्र ›› कटनी

कटनी जिले में आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का आयोजन 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विभिन्न ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाकर शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अभियान के प्रभावी संचालन के लिए सभी अधिकारियों को प्रत्येक शुक्रवार चिन्हित क्षेत्रों का अनिवार्य मैदानी भ्रमण और निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए तहसील और विकासखंड स्तर पर रोस्टर तैयार किया गया है, ताकि जिले के दूरस्थ और शहरी सभी क्षेत्रों को अभियान का लाभ मिल सके। अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की जाएगी। जिन मामलों का समाधान संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। शेष मामलों में समय-सीमा तय कर आवेदकों को जानकारी दी जाएगी। अभियान का शुभारंभ शुक्रवार, 7 अगस्त को विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पंचायत भवन खितौली से होगा।

# दतिया उपचुनाव हार के बाद भाजपा जिला कार्यकारिणी भंग

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

दतिया उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद बड़ी कार्रवाई की गई है। पार्टी नेतृत्व ने जिला कार्यकारिणी समेत दतिया के सभी मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, प्रकल्प और विभागों की इकाइयों को भंग कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने ये एक्शन हार की समीक्षा के लिए बनाई गई विशेष समिति की रिपोर्ट पर लिया है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, चुनाव के दौरान वायरल सोशल मीडिया पोस्ट और पत्रों की भी समीक्षा की जाएगी। ऐसे पोस्ट-लेटर साझा करने वालों की लिस्ट बनाकर उनके राजनीतिक संबंध जांचे जाएंगे।

दतिया सीट कांग्रेस के राजेंद्र भारती को फ्रॉड मामले में 3 साल की सजा मिलने के बाद खाली हुई थी। यहां कांग्रेस ने लगातार दूसरी बार भाजपा को हराया है। सीएम हाउस पर बैठक, करीब 25 नेता शामिल हुए इससे पहले चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सीएम हाउस पर उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, चुनाव प्रभारी भारत सिंह कुशवाह, सह प्रभारी राहुल कोठारी, पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष



हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा समेत 25 नेता मौजूद रहे। भाजपा ने उपचुनाव के लिए पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को टिकट दिया था। जिसके बाद पार्टी कार्यकताओं ने तीखे विरोध प्रदर्शन किए। कई कार्यकताओं पर केस दर्ज किए गए थे। इसके बाद नरोत्तम मिश्रा को खुद सामने आकर समर्थकों से तिवारी का समर्थन करने की अपील करनी पड़ी थी। दतिया में नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने के बाद जिला अध्यक्ष रघुवीर शरण कुशवाह समेत कई पार्टी पदाधिकारियों ने इस्तीफे दे दिए थे। इस पर संगठन ने कहा था कि कोई भी इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेकिन अब उपचुनाव हारने के बाद जिले की पूरी टीम को हटा दिया गया है।

# इंस्टाग्राम पर सीएम मोहन यादव के 20 लाख फॉलोअर्स

## मंत्री विजय शाह के सबसे कम 3,924 फॉलोअर्स; पीएम ने सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाने की सलाह दी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

देश की राजनीति में अब सोशल मीडिया सिर्फ प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि जनता तक सीधी पहुंच का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में केंद्रीय मंत्रियों को इंस्टाग्राम पर सक्रियता बढ़ाने और रील्स-शॉर्ट वीडियो के जरिए युवाओं तक सरकारी योजनाएं पहुंचाने की सलाह दी।

मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों का इंस्टाग्राम रिपोर्ट कार्ड खंगाला। पड़ताल में सामने आया कि जहां कुछ मंत्री लाखों फॉलोअर्स के साथ डिजिटल दुनिया में मजबूत मौजूदगी रखते हैं, वहीं कई मंत्री ऐसे भी हैं जिनके फॉलोअर्स की संख्या 10 हजार से भी कम है। खास बात यह है कि ज्यादातर मंत्रियों के इंस्टाग्राम अकाउंट उनके सलाहकार या अन्य सहयोगी हैंडल करते हैं।

मध्य प्रदेश के सोशल मीडिया रिपोर्ट कार्ड में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 लाख इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के साथ सबसे आगे हैं। मंत्रियों में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 7.44 लाख फॉलोअर्स के साथ पहले स्थान पर हैं। उनके बाद सहकारिता एवं खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग 3.84 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 1.77 लाख और उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला 1.55 लाख फॉलोअर्स के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### कई मंत्री अब भी हजारों फॉलोअर्स तक सीमित

जहां सरकार के प्रमुख चेहरे सोशल मीडिया पर लाखों लोगों से जुड़े हैं, वहीं कई मंत्रियों की डिजिटल पहुंच अब भी सीमित है। सबसे कम फॉलोअर्स कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह के हैं, जिनके इंस्टाग्राम पर केवल 3,924 फॉलोअर्स हैं। उनके बाद राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल (7,358) और कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह (9,484) का स्थान है। तीनों मंत्रियों के फॉलोअर्स की संख्या 10 हजार से भी कम है।



## डोसीगांव मल्टी से 208 परिवारों को खाली कराने की तैयारी

रतलाम के डोसी गांव स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के एहर मल्टी में रहने वाले 208 परिवारों से फ्लैट के कब्जे बुधवार को खाली कराए जाएंगे। नगर निगम की टीम प्रशासन व पुलिस के साथ पहुंचेगी। फ्लैट में रहने वाले रहवासी नगर निगम की इस कार्रवाई का विरोध जता रहे है। रहवासियों ने आरोप लगाया है कि बिना उचित व्यवस्था के फ्लैट खाली कराने का दबाव नगर निगम द्वारा बनाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा 31 जुलाई को मल्टी में रहने वाले 208 लोगों को फ्लैट की बकाया राशि जमा करने का नोटिस दिया था। 4 अगस्त तक सभी को 1.80 लाख रुपए जमा कराना था।

## खबर एक नजर...

### 4 साल की बेटी के सामने रिटायर्ड एसआई ने बहू को चाकू से गोदा

**सागर।** मकरोनिया के गायत्री नगर में मंगलवार सुबह रिटायर्ड एसआई ने अपनी बहू की उसकी 4 साल की बेटी के सामने हत्या कर दी। मृतका का पति देवेश दीक्षित बीएसएफ में पश्चिम बंगाल में तैनात है। मकरोनिया पुलिस ने मामले में ससुर को हिरासत में ले लिया है। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने जेठ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे रिटायर्ड एसआई 65 वर्षीय रामनरेश दीक्षित के गायत्री नगर स्थित मकान से चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो रामनरेश की बहू 36 वर्षीय सविता दीक्षित का शव कमरे में खून से सना पड़ा था। रामनरेश के दोनों हाथों में खून लगा था। मकरोनिया थाना प्रभारी नितिन पाल ने ससुर को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि जिस समय वारदात हुई, सविता की 4 साल की छोटी बेटी पास में ही बिलख रही थी। जानकारी के अनुसार, सविता बड़ी बेटी को स्कूल छोड़ने के बाद घर आई तो छत पर सास से कहासुनी हुई। इसी दौरान ससुर रामनरेश ने उस पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया।

### ट्रेड पोर्टल पर 20 हजार रुपए चुकाने के बाद नहीं मिली डिलीवरी

**रीवा।** रीवा में ऑनलाइन व्यापार के लिए खाद्य तेल ऑर्डर करना एक स्थानीय व्यापारी को महंगा पड़ गया। ट्रेड पोर्टल पर ऑर्डर देने के बाद व्यापारी ने करीब 20 हजार रुपए का ऑनलाइन भुगतान कर दिया, लेकिन न सामान मिला और न ही विक्रेता से संपर्क हो सका। खुद के साथ साइबर ठगी का एहसास होने पर व्यापारी ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ढेकहा निवासी व्यापारी निलेश कुमार त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने व्यापारिक उपयोग के लिए ट्रेड इंडिया पोर्टल पर श्री बालाजी ट्रेडर्स नाम से संचालित प्रोफाइल से सिक्का ब्रांड का खाद्य तेल ऑर्डर किया था। ऑर्डर कन्फर्म होने के बाद उन्होंने करीब 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। भुगतान के बाद काफी इंतजार के बावजूद सामान की डिलीवरी नहीं हुई। व्यापारी ने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका नंबर ब्लॉक कर दिया गया। दूसरे नंबर से कॉल करने पर भी किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद उन्हें साइबर ठगी का संदेह हुआ।

### मध्यप्रदेश में 9 साल बाद होंगे छात्र संघ चुनाव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में करीब 9 साल बाद छात्रसंघ चुनाव का रास्ता साफ हुआ है। राजनीतिक दल इसे अपनी-अपनी लड़ाई की जीत बता रहे हैं। एक ओर जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए अकादमिक कैलेंडर और लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप चुनाव कराने की मांग की, वहीं कांग्रेस और एनएसयूआई ने इसे वर्षों के आंदोलन और कोर्ट की सख्ती का परिणाम बताया है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व एनएसयूआई प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नर्सरी हैं। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति से निकलकर कई नेताओं ने प्रदेश का नेतृत्व किया है। भाजपा के वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव छात्र राजनीति से आगे बढ़े। वहीं कांग्रेस में राजकुमार पटेल और मुकेश नायक जैसे नेताओं ने भी छात्र राजनीति से अपनी पहचान बनाई। त्रिपाठी ने कहा कि छात्रसंघ सरकार और विद्यार्थियों के बीच एक सेतु का काम करता है। यदि छात्रसंघ सक्रिय होते तो नीट परीक्षा जैसे विवादों में छात्रों की आवाज प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंच सकती थी।

### सागर में 31 हजार के लेनदेन में कुल्हाड़ी से हत्या

**सागर।** सागर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने हत्या के मामले में मंगलवार शाम एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने पैसों के लेनदेन के विवाद में हत्या की वारदात करना स्वीकार की है। पुलिस थाने लाकर आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, 1 अगस्त को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नए बस स्टैंड के सामने स्थित खाली मैदान में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। जांच के दौरान मृतक की पहचान महेन्द्र अहिरवार (35) निवासी किशोर न्यायालय बस्ती के रूप में हुई। मृतक के सिर और गले पर गंभीर घाव थे। प्राथमिक जांच में मामला हत्या का होने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### मंदसौर कलेक्टर के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनी

**मंदसौर।** मंदसौर कलेक्टर दिव्यांक सिंह के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फेसबुक पर एक फर्जी आईडी बनाई गई है। इस आईडी के जरिए लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। मंगलवार देर रात इस मामले का खुलासा होने के बाद जिला प्रशासन ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर दिव्यांक सिंह के नाम से बनी यह फेसबुक प्रोफाइल और मोबाइल नंबर 7838116357 उनका आधिकारिक अकाउंट या नंबर नहीं है। प्रशासन ने लोगों से ऐसे किसी भी फेसबुक अकाउंट, फ्रेंड रिक्वेस्ट, व्हाट्सएप मैसेज या कॉल पर भरोसा न करने और किसी भी स्थिति में धनराशि या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की अपील की है।

# रेस्क्यू के दौरान सर्प मित्र को कोबरा ने डंसा

## डिब्बे में बंद करते वक्त निकल भागा, इलाज के दौरान गई युवक की जान




**ब्रह्मास्त्र ▶▶ मंडला**

मंडला जिले में रेस्क्यू के दौरान कोबरा ने सर्प मित्र को काट लिया। साथी उसे लेकर बिछिया सामुदायिक केंद्र पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सर्प मित्र को जिला अस्पताल, फिर जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला डुंगरा गांव में सोमवार का है। सर्प मित्र अमन गोहिया ने मंगलवार सुबह दम तोड़ा। वह अपने एक साथी के साथ बिछिया से करीब छह किलोमीटर दूर कोबरा का रेस्क्यू करने पहुंचा था। उसके कोबरा पकड़ने का वीडियो भी सामने आया है।

अस्पताल में अमन ने बताया था कि रेस्क्यू के बाद वह कोबरा को प्लास्टिक के डिब्बे में रख रहा था। लेकिन डिब्बा पीछे की तरफ से टूटा हुआ था, इसी से कोबरा बाहर निकल आया। उसने अमन के पैर में काट लिया। उसे केवल पैर में दर्द महसूस हुआ। एहतियातन दोस्त के साथ अस्पताल चला गया। मंडला जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने कहा- अमन का इलाज एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मोहसिन की निगरानी में किया गया। जीवनरक्षक दवाएं देने के बावजूद उसकी हालत गंभीर बनी रही तो मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे वहां नहीं ले गए। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई।

### जज चरित्र-कपड़ों पर नहीं, सबूतों पर फैसला दें; दुष्कर्म से जुड़े मामलों की सुनवाई पर गाइडलाइन

# अदालतें लज्जा भंग-हवस जैसे शब्दों का इस्तेमाल न करें

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एनजेए) ने एक गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक जजों को रेप, सेक्शुअल हैरेसमेंट जैसे मामलों की सुनवाई और फैसले लिखते समय कुछ सावधानियां बरतने कहा गया है।


एक्सपर्ट कमेटी के मुताबिक जजों को पीड़ित के चरित्र, कपड़ों, जीवनशैली, नैतिक धारणाओं के बजाय केवल सबूतों पर फैसला देने की सलाह दी गई है।

साथ ही लज्जा भंग, प्रोसिक्यूट्रिक्स (अभियोजन पक्ष की शिकायतकर्ता), बेबस महिला, हवस, इज्जत, शर्म और पवित्रता जैसे शब्दों के इस्तेमाल से बचने को कहा गया है।

एनजेए ने ज्यूडीशियल सेंसिटिविटी हैंडबुक तैयार की है। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2026 में इसे मंजूरी दी और देश की सभी अदालतों को इसका पालन करने का निर्देश दिया। एक्सपर्ट कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस अनिरुद्ध बोस ने की। ठखअ की रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायिक भाषा अभिव्यक्ति का जरिया ही नहीं, निष्पक्ष, गरिमापूर्ण और पक्षपात-रहित न्याय का आधार है।

असंवेदनशील भाषा, लैंगिक रूढ़ियों और पीड़ित को दोषी ठहराने वाले कमेंट, सर्वाइवर्स को आघात पहुंचा सकते हैं। वे न्याय से दूर हो सकते हैं। इसलिए कोर्ट को सम्मानजनक, तटस्थ और सर्वाइवर-सेंट्रिक भाषा अपनानी चाहिए।

यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के 10 फरवरी 2026 के आदेश के अनुपालन में तैयार की गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक विवादित फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2023 की जेंडर स्टीरियोटाइप्स हैंडबुक की समीक्षा कर नई गाइडलाइन तैयार करने का निर्देश दिया था। 14 जुलाई 2026 की सुनवाई के दौरान एडवोकेट गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट के सामने पटना हाईकोर्ट के फैसले का जिक्र किया। उखक सूर्यकांत ने इस पर हैरानी जताई थी। उन्होंने कहा था- जजों को संवेदनशील होना चाहिए और रिसर्च करनी चाहिए। जज कानूनी पड़ताल के बिना फैसले दिए जा रहे हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2023 की जेंडर स्टीरियोटाइप्स हैंडबुक की समीक्षा कर भारतीय सामाजिक संदर्भ के अनुरूप नई गाइडलाइन तैयार करने का निर्देश दिया था।



### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- ऐसी भाषा न बोलें, जो पीड़ित को डरा दे

मामले पर 8 दिसंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुनवाई हो रही थी। तब उखकने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था- ह्लहम सभी हाईकोर्ट के लिए गाइडलाइंस जारी कर सकते हैं। ऐसी टिप्पणियां पीड़ित पर भयावह प्रभाव डालती हैं और कई बार शिकायत वापस लेने जैसा दबाव भी बनाती हैं। अदालतों को, विशेषकर हाईकोर्ट को, फैसले लिखते समय और सुनवाई के दौरान ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए।

### पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर बनी थी हैंडबुक

2023 में 8 मार्च को महिला दिवस पर एक इवेंट में सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया था- मैंने ऐसे फैसले देखे हैं जिनमें किसी महिला के एक व्यक्ति के साथ रिश्ते में होने पर उसे रखैल लिखा गया। कई ऐसे केस थे जिनमें घरेलू हिंसा अधिनियम औरआईपीसी की धारा 498ए के तहत एफआईआर रद्द करने के लिए आवेदन किए गए थे, उनके फैसलों में महिलाओं को चोर कहा गया है।

इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक कानूनी शब्दावली बनवाने का फैसला किया। जो हैंडबुक 2023 में लॉन्च की गई उसे कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया था। इसमें रिटायर्ड जस्टिस प्रभा श्रीदेवन, जस्टिस गीता मित्तल, प्रो.झूमा सेन शामिल थीं।

# मप्र में 18% कम बारिश, 43 जिलों का बुरा हाल, 5 दिन से भारी बारिश नहीं; नए सिस्टम से उम्मीद, 5 जिलों में अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश में बारिश का ओवरऑल आंकड़ा 18% नीचे यानी, माइनस में पहुंच गया है। सीजन में अब तक साढ़े 3 इंच बारिश कम हुई है। 55 में से 43 जिलों के हाल बुरे हैं। ब्टऊ (मौसम केंद्र), भोपाल की माने तो प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से भारी बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई है। हालांकि, बुधवार को 5 जिलों में हैवी रेन का अलर्ट है।

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले तीन-चार दिन से प्रदेश में सिस्टम तो एक्टिव रहे, लेकिन वे उतने स्ट्रॉन्ग नहीं थे, जो भारी बारिश करवा सके। इस वजह से प्रदेश में ओवरऑल बारिश का आंकड़ा लगातार माइनस में आ रहा है। बुधवार को प्रदेश के उत्तरी हिस्से में दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) की सक्रियता जरूर देखने को मिली है। इस वजह से ग्वालियर-चंबल, सागर और रीवा संभाग में बारिश का दौर देखा गया। नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी एक्टिव मौसम एक्सपर्ट शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) भी एक्टिव है, जिसका असर अगले कुछ दिन में प्रदेश में देखने को मिलेगा। इस वजह से लगातार तेज बारिश का दौर देखने को मिलेगा।



### आज इन जिलों में तेज बारिश

बुधवार को दतिया, भिंड, छतरपुर, पन्ना और सतना में भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, दमोह, टीकमगढ़ और निवाड़ीद में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है। **प्रदेश में कोटे की आधी बारिश भी नहीं** मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक औसत 16 इंच (407.2 मिमी) बारिश हुई है, जबकि 19.5 इंच (495.2 मिमी) पानी गिर जाना था। इस तरह 3.5 इंच यानी, 18 प्रतिशत बारिश कम हुई है। इस सीजन में अब तक हुई बारिश कोटे की आधी भी नहीं है।

### शेख हसीना का भाषण रोकने से भारत का इनकार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ऐलान किया है कि वे 5 अगस्त को नई दिल्ली स्थित 'फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया' के कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करेंगी। बांग्लादेश ने भारत से उनके भाषण पर रोक लगाने की मांग की है। भारत सरकार ने कहा है कि शेख हसीना के ऑनलाइन संबोधन से हमारा कोई संबंध नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह कार्यक्रम एक निजी मीडिया संस्था आयोजित कर रही है। भारत सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। इस मंच पर रखे जाने वाले किसी भी विचार का सरकार समर्थन भी नहीं करती। 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश छोड़ने के बाद यह पहली बार होगा, जब शेख हसीना किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आएंगी। फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया नई दिल्ली स्थित पत्रकारों का संगठन है।

# बहन घर नहीं आई तो भाई ने टांग तोड़ी, लोहे की रॉड से 15 सेकेंड में 12 वार किए

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ अमृतसर**

अमृतसर में भाई ने लोहे की रॉड मारकर सगी बहन का पैर तोड़ दिया। वह गाड़ी में आया और 15 सेकेंड में 12 बार लोहे की रॉड मारी। वह इस बात से गुस्साया कि बहन ससुराल मुंबई से अमृतसर आई लेकिन उसके घर नहीं आई और बड़े भाई के घर चली गई। इसके बाद सीधे मुंबई लौटने लगी। हमले के वक्त उनका पिता भी वहां मौजूद था लेकिन वह आरोपी बेटे को रोकते हुए नजर नहीं आए।

बहन को गंभीर घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्सरे में उसके पैर में फ्रैक्चर नजर आया है। मारपीट की ये पूरी घटना वहां लगे उउळश कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने फुटेज कब्जे में ले लिया है। पुलिस अब घायल बहन का बयान लेने की कोशिश कर रही है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई देता है कि एक युवती अपने घर से बाहर निकलती है। जैसे ही वह बाहर आती है, उसी समय एक कार वहां आकर रुकती है। कार से युवती का पिता और छोटा भाई बाहर उतरते हैं। कार से उतरते ही आरोपी भाई हाथ में लोहे की रॉड लेकर अपनी बहन पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर देता है।

वीडियो में आरोपी लगातार लोहे की रॉड से युवती पर वार करता दिखाई देता है। युवती खुद को बचाने की कोशिश करती है और दर्द से चीखती-चिल्लाती रहती है। इस दौरान पिता भी मौके पर मौजूद रहते हैं, लेकिन वीडियो में वह बेटे को रोकते नजर नहीं आते। कुछ देर बाद युवती के बड़े भाई की पत्नी घर से बाहर आती है। उसके बाहर आते ही आरोपी वहां से चला जाता है।



### बड़ा भाई बोला- घर न आने की रंजिश थी

पीड़िता के बड़े भाई मनदीप सिंह ने बताया कि ये घटना 1 अगस्त की शाम की है। उनकी छोटी बहन नवदीप कौर मुंबई से उनसे मिलने अमृतसर आई थी। आरोप है कि छोटे भाई को इस बात की रंजिश थी कि वह उनके घर क्यों आई। जब वह उनके घर से अपने ससुराल जाने के लिए निकली, तभी अमृतसर के न्यू मॉडल टाउन, खंडवाला, छेहरटा इलाके में उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया।

मनदीप सिंह के मुताबिक, हमले में उनकी बहन की दोनों टांगों पर गंभीर चोटें आई हैं। उसकी एक टांग दो जगह से फ्रैक्चर हो गई है, जबकि हाथों पर भी गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उसका ऑपरेशन चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### उदयनिधि स्टालिन 8 घंटे बाद रिहा, एक्ट्रेस तृषा पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ तमिलनाडु**

तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन को अभिनेत्री तृषा पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। तमिलनाडु पुलिस ने उनसे 8 घंटे तक पूछताछ की, जिसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

बाहर आकर उन्होंने कहा कि विजय की पुलिस ने मेरे साथ आतंकवादी जैसा सुलूक किया। मैंने किसी महिला का अपमान करने की कोशिश नहीं की। उदयनिधि सोमवार को तंजावुर में कावेरी जल विवाद पर आयोजित रैली में भी मौजूद थे। इसी दौरान भीड़ में ₹तृषा, तृषा₹ के नारे लगे। आरोप है कि इस पर उदयनिधि ने कहा, ₹पानी कहीं और पहुंचे या न पहुंचे, वहां जरूर पहुंचना चाहिए।₹ बाद में सफाई दी कि उनका इशारा कावेरी के पानी की ओर था। 4 मई को तमिलनाडु विधानसभा के रिजल्ट आए थे। ळश्ड ने 234 में से 108 सीटें जीती थीं। उस दिन तृषा का बर्थडे था। रिजल्ट आने से पहले वो तिरुमाला मंदिर पहुंचीं, दर्शन किए और फिर विजय के घर पहुंचीं।

# आर्टिकल 370 हटने के 7 साल-पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी, बिना परमिशन रैली-धरने पर रोक




**ब्रह्मास्त्र ▶▶ जम्मू-कश्मीर**

आज जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के आज 7 साल पूरे हो गए। 2019 में 5 अगस्त के ही दिन राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद आर्टिकल 370 और 35अ हटा दिया गया था।

7 साल बीतने के बावजूद कश्मीर के अलगाववादी संगठन इसे मुद्दा बनाए हुए हैं। पीडीपी पार्टी चीफ महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कैंडिल मार्च निकाला, साथ ही लोगों से 5 अगस्त को विरोध दर्ज करने की अपील की है।

महबूबा की इस अपील और हाल ही में हुई आतंकी घटनाओं को देखते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें बिना अनुमति के किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन या जुलूस निकालने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा बलों ने सीमा पर बसे गांवों और संवेदनशील इलाकों में देर रात तक फ्लैग मार्च किया।

### पुलिस की अपील- शांति रखें, संदिग्धों की खबर दें

कश्मीर पुलिस ने एडवाइजरी में कहा है कि शांति, सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने सभी नागरिकों से कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ सहयोग करने की अपील की है। साथ ही, लोगों से शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहें फैलाने से बचने को कहा गया है। पुलिस ने नागरिकों से यह भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। इधर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अब ढउ्ढ प्रमुख के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने पर विचार कर रहे हैं। दरअसल, राष्ट्रीय ध्वज को गलत तरीके से प्रदर्शित करना जैसे कि रंगों का क्रम उल्टा होना, गलत अनुपता, क्षतिग्रस्त कपड़ा होनाङ्ख ये सभी 'फ्लैग कोड ऑफ इंडिया' (ध्वज संहिता) का उल्लंघन है। नियमों के अनुसार, सबसे ऊपरी पट्टी हमेशा केसरिया होनी चाहिए, बीच की सफेद पट्?टी पर 24 तीलियों वाला गहरा नीला अशोक चक्र हो, और सबसे निचली पट्टी हरी की होनी चाहिए।

# अमेरिका बोला-ईरान से होर्मुज पर समझौता जल्द हो सकता है

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ वाशिंगटन**

अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को खोलने को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार तक समझौता हो सकता है।

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि मौजूदा बातचीत सिर्फ होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है। परमाणु कार्यक्रम पर अलग समझौता होगा। अमेरिका का अंतिम लक्ष्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह खत्म करना ही है। दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि वह ओमान के साथ मिलकर होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही के लिए एक सुरक्षित और अस्थायी रास्ता बनाने पर बातचीत कर रहा है।

रॉयटर्स के मुताबिक, इस नई व्यवस्था के तहत स्ट्रेट में आने वाले सभी जहाजों पर ईरान का पूरा कंट्रोल रहेगा। वहीं, स्ट्रेट से बाहर जाने वाले जहाजों को ओमान अलग रास्ते से क्लियरेंस देगा। हालांकि, ओमान किसी भी जहाज को मंजूरी देने से पहले इसकी जानकारी ईरान को देगा। यमन के पास लाल सागर में भारतीय झंडे वाले कारोबारी जहाज पर हमला हुआ है। जहाज ह्यएमएसवी फैजे नूर-ए-



औलिया हमले में डूब गया। सवार सभी 13 भारतीय नागरिकों को बचा लिया गया। ईरान के कुछ सांसद विदेश मंत्री अब्बास अराघची के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अमेरिका से बातचीत और संभावित समझौते ने देश के हितों को नुकसान पहुंचाया है। इजराइली चैनल 14 की रिपोर्ट के मुताबिक सुरक्षा, विदेश नीति और परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मामलों में अब राष्ट्रपति की भूमिका सीमित कर दी गई है। इन फैसलों में कफ्रछ कमांडर अहमद वाहिदी की राय अंतिम मानी जाएगी। होर्मुज स्ट्रेट पर समझौते की उम्मीद के बाद अमेरिकी क्रूड करीब 5% गिरकर 76.32 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि ब्रेंट क्रूड भी 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंच गया।

# महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम को कांग्रेस ने कहा 'गूंगी गुड़िया'

## सुनेत्रा पवार पर की टिप्पणी, शिंदे बोले- यह राज्य की सभी महिलाओं का अपमान

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ नागपुर**

महाराष्ट्र में मंगलवार को एक राजनीतिक विवाद शुरू हो गया, जब कांग्रेस ने महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार के लिए 'गूंगी गुड़िया' शब्द का इस्तेमाल किया। कांग्रेस की इस टिप्पणी पर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है और इसे राज्य की सभी महिलाओं का अपमान बताया है।

शिंदे ने कहा कि कांग्रेस को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम के खिलाफ अपनी टिप्पणी पर शर्म आनी चाहिए। दरअसल सोमवार को सुनेत्रा पवार से एक पत्रकार ने बीड जिले की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल पूछा था। इस पर एनसीपी नेता धनंजय मुंडे ने कथित तौर पर उनका बचाव किया था।

कांग्रेस ने इसका वीडियो शेयर करते हुए कहा था कि सुनेत्रा पवार कितने दिन तक गूंगी गुड़िया बनी रहेंगी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति में इस स्तर की गिरावट पहली बार देखने को मिल रही है। मुझे लगता है कि वे बहुत ही निचले स्तर पर उतर आए हैं। असल में, उन्हें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है और कोई उनकी परवाह नहीं कर रहा है। इसलिए वे सुर्खियों में बने रहने के लिए इस तरह की हथकंडे अपना रहे हैं। वे इस सोच पर चल रहे हैं कि अगर हमारी बदनामी से ही सही, कम से हम मशहूर तो हो जाएं।

### एअर इंडिया की फुकेट-दिल्ली फ्लाइट टबुर्लेंस में फंसी

थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट अक2379 मंगलवार को टबुर्लेंस, यानी तेज हवा के झटकों में फंस गई। अचानक 300 फीट तक नीचे आ गई। हालांकि, पायलट ने स्थिति संभाली और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुबह 11:07 बजे सुरक्षित उतार लिया। प्लेन में 137 यात्री और 8 क्रू मेंबर्स सवार थे। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि घटना में 13 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स समेत 17 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इनमें से 5 को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। बाकी भर्ती हैं। एयर इंडिया की टीमें अस्पतालों में मौजूद हैं। एअर इंडिया ने पहले बताया था कि सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है। फ्लाइट में सवार एक यात्री ने दावा किया कि उड़ान भरने के करीब डेढ़ घंटे बाद तेज झटके लगने लगे। सुबह का समय था और ज्यादातर यात्री सो रहे थे।

### महाराष्ट्र की सभी माताओं-बहनों का अपमान है: शिंदे

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए कहा सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री हैं। 2024 में कांग्रेस ने अपमानजनक भाषा का प्रयोग करके 'लाडली बहनों' का अपमान किया था। उन्हीं बहनों ने उन्हें उनकी औकात दिखाई और सबक सिखाया। यह केवल सुनेत्रा ताई पवार का अपमान नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की सभी माताओं और बहनों का अपमान है। हमारी माताएं और बहनें निश्चित रूप से कांग्रेस को इसके लिए सबक सिखाएंगी। कांग्रेस पार्टी ने अपनी समझ खो दी है और उसे इस बयान के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 05 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

यः समः सर्वभूतेषु विरागी गतमत्सरः।
जितेन्द्रियः शुचिर्दक्षः सदाचार समन्वितः॥

**भावार्थ** : गुरु सब प्राणियों के प्रति वीतराग और मत्सर से रहित होते हैं। वे जीतेन्द्रिय, पवित्र, दक्ष और सदाचारी होते हैं।

विनय फलं शुश्रूषा गुरुशुश्रूषाफलं श्रुत ज्ञानम्।
ज्ञानस्य फलं विरतिः विरतिफलं चाश्रव निरोधः॥

**भावार्थ** : विनय का फल सेवा है, गुरुसेवा का फल ज्ञान है, ज्ञान का फल विरक्ति है और विरक्ति का फल आश्रवनिरोध है।

## सम्पादकीयम्

### वाष्पयुक्तसन्देशैः

शारीरिकरूपेण च निरुद्धाः अनुभवन्ति, तथापि ते स्वस्य दूरभाषस्य पटलेषु वाक्पटुकविषु, साहसिकासु रोमियोषु च परिणमन्ति शयने परस्परं नेत्रेषु पश्यन्तः ये वस्तूनि वा काल्पनिकाः वा स्वरं कर्तुं न शक्नुवन्ति, तानि इमोजी, सेक्स्टिंग्, वाष्पयुक्तसन्देशैः च साहसेन संप्रेषितानि भवन्ति। नियन्त्रणं ऑनलाइन एव तिष्ठति तथ्यं तु एतत् यत्, साक्षात्कारेषु एकदा शब्दाः उक्ताः चेत्, ते पुनः ग्रहीतुं न शक्यन्ते; भवन्तः तान् विलोपयितुं सम्पादयितुं वा न शक्नुवन्ति। शयने रोमान्टिकस्य वा वाष्पयुक्तस्य वा क्षणस्य तापे यदृच्छया किमपि विषमं वक्तुं शक्यते यत् मनोदशां सर्वथा नाशयति। तदपेक्षया यदा भवन्तः पाठद्वारा स्वभावं वा इच्छां वा प्रकटयन्ति तदा भवतः पूर्णं नियन्त्रणं भवति। भवन्तः पङ्क्तिं लिखन्ति, ततः चिन्तयन्ति यत् न, तत् पर्याप्तं आकर्षकं नास्ति इति। भवन्तः तत् विलोपयन्ति, अथवा इमोजी योजयन्ति, शब्दं अन्विष्यन्ति, ततः इति नुदन्ति। मूलतः भवन्तः स्वस्य कामुकतायाः, स्नेहस्य च उत्तमं, अत्यन्तं पालिशितं संस्करणं परव्यक्तिं प्रति प्रस्तुतयन्ति। सम्पादनस्य एषा विलासिता शयने न प्राप्यते; तत्र सर्वं वायुना लाइव अस्ति–यत् भवन्तः पश्यन्ति तत् भवन्तः प्राप्नुवन्ति। अतः स्मार्टफोनस्य डिजिटल-पर्दे शय्यागृहस्य वास्तविक-तापं किमर्थं आच्छादयति?

ईओ विमलकुमारहत्याप्रकरणे नवीनप्रकाशनस्य विषये कोलाहलः

# पत्नी विधायकविरुद्धं गम्भीरं आरोपं स्थापयति; अधिकारिणः क्रुद्धाः अभवन्

ब्रह्मास्त्र ›› पटना

देहरी-दलमियानगरनगरपरिषदः कार्यकारीपदाधिकारिणः विमलकुमारस्य हत्यायाः कारणात् बिहारस्य प्रशासनिकयन्त्राणां राजनैतिकवृत्तानां च माध्यमेन आघाततरङ्गाः प्रेषिताः। यत्र पुलिस दावान् करोति यत् चालकः मिथिलेशकुमारः प्रश्नोत्तरस्य समये हत्यां स्वीकृतवान्, तत्र मृतस्य पत्नी 50 लक्षस्य माङ्गं, नित्यं मानसिकं उत्पीडनं, अनुचितदबावं च उद्धृत्य स्थानीयविधायकस्य विरुद्धं गम्भीरान् आरोपं कृतवती अस्ति। एतेषां आरोपानाम् कारणेन प्रकरणस्य नूतनं परिवर्तनं जातम्। इदानीं बिहारनगरपालिका निकायसेवायाः अधिकारिणः एतस्य हत्यायाः नाम केवलं व्यक्तिगतपदाधिकारिणः मृत्युः न अपितु सम्पूर्णप्रशासनिकव्यवस्थायाः उपरि आक्रमणम् इति उक्तवन्तः; तेषां निष्पक्षपरीक्षा, सम्भाव्यस्य षड्यंत्रस्य अन्वेषणं, अपराधिनां विरुद्धं कठोरकार्याणि च आग्रहीता अस्ति।

घटनाक्रमः एवं प्रकटितः– ङ्ग देहरीतः पटनानगरं प्रति प्रस्थानम्; मार्गे तस्य मृत्युं मिलितवान् कार्यकारिणी अधिकारी विमलकुमारः शनिवासरे सायं स्वस्कॉर्पियोवाहनेन देहरी-दलमियानगरात् पटनानगरं प्रति प्रस्थानम् अकरोत्। औरंगाबादमण्डलस्य बरुणपुलिसस्थानकस्य अधिकारक्षेत्रे धनौतीसेतुलखडीहारयोः मध्ये निर्जननहरमार्गे शङ्किते परिस्थितौ सः मारितः। प्रारम्भिकसमाचारपत्रेषु बहिः आक्रमणकारिभिः आक्रमणं कृतम् आसीत्।

पुलिस चालकं गृहीतवान् अन्वेषणकाले पुलिसशङ्का प्रथमं चालकस्य




मिथिलेशकुमारस्य उपरि अभवत्। पुनः पुनः प्रश्नोत्तरेषु तस्य वचनं परिवर्तमानं भवति स्म। मगध रेन्ज आईजी विकास वैभव के अनुसार चालक तीव्र प्रश्नोत्तरी के बाद अपराध स्वीकार किया। यात्रायाः समये एकस्य विषयस्य विषये द्वयोः मध्ये विवादः उत्पन्नः इति पुलिस दावान् करोति, तदनन्तरं चालकः वाहनं स्थगयित्वा लोहदण्डस्य उपयोगेन उन्मत्तः आक्रमणं कृतवान् घटनां बाह्याक्रमणरूपेण फ्रेमं कर्तुं प्रयत्नः।

पुलिस-अनुसारं हत्यायाः अनन्तरं चालकः अन्वेषणस्य मार्गं विमुखीकर्तुं मोटरसाइकिल-वाहन-दुष्टानां आक्रमणरूपेण एतत् घटनां दर्शयितुं प्रयतितवान् परन्तु न्यायिकसाक्ष्यस्य, प्रश्नोत्तरस्य, परिस्थितिजन्यतथ्यस्य च आधारेण पुलिसैः चालकस्य विवरणं मिथ्या इति ज्ञातम्।

पत्नी विधायकविरुद्धं गम्भीरं आरोपं स्थापयति विमलकुमारस्य पत्न्या देहरीतः विधायकस्य विरुद्धं गम्भीराः आरोपाः कृताः तदा प्रकरणस्य नूतनं परिवर्तनं जातम्। सा अवदत् यत् विधायकः स्वपतिं बहुधा तस्य निवासस्थानं प्रति आहूय ५० लक्षं दातुं दबावं ददाति स्म। सा आरोपितवती यत् तस्याः पतिः मानसिकतनावग्रस्तः अस्ति, अन्यत्र स्थानान्तरणं दुष्कृते प्रवृत्तेः अपेक्षया श्रेयस्करं भविष्यति इति वदति स्म। २९ जुलै दिनाङ्के सभा अन्वेषणस्य भागः भवति तस्य पत्न्याः मते विमलकुमारः २९ जुलै दिनाङ्के विधायकं मिलितुं गतः। तस्मिन् सत्रे यत् वातार्लापं जातम् तस्य विवरणं सा अनभिज्ञः अस्ति। अधुना पुलिस अस्य पक्षस्य अन्वेषणं कुर्वती अस्ति यत् समागमस्य घटनायाः सह किमपि सम्बन्धः आसीत् वा इति। विधायकः आरोपानाम् अङ्गीकारं करोति विधायक राजीव रंजनसिंह उर्फ सोनूसिंहः सर्वान् आरोपान् निराधार इति खण्डितवान्। सः अवदत् यत् विमलकुमारः यद्यपि तस्य साक्षात्कारं कृतवान् तथापि सः केवलं स्थानान्तरणस्य इच्छां प्रकटितवान्। विधायकः दावान् करोति यत् सः न किमपि धनं याचितवान्, न च तस्य उपरि किमपि दबावं कृतवान्।

व्यक्तिगतस्वतन्त्रताया

# स्वायत्ततायाः च अधिकारस्य उल्लङ्घनम् इति

ब्रह्मास्त्र ›› प्रयागराज

व्यक्तिगतस्वतन्त्रतायाः, स्वायत्ततायाः च अधिकारस्य उल्लङ्घनम् इति गण्यते उच्चन्यायालयेन उक्तं यत् अस्मिन् विषये तस्य प्राथमिकं दायित्वं अस्ति यत् उभौ महिलाः खलु स्वेच्छया निर्णयं कुर्वतः सन्ति तथा च अवैधनिरोधस्य, बाध्यतायाः, प्रतिबन्धस्य वा किमपि प्रकारस्य अधीनाः न सन्ति इति। एतदर्थं न्यायालयेन उत्तरप्रदेशसर्वकाराय, सम्बन्धितपुलिसपदाधिकारिभ्यः, उभयोः महिलायोः पितृभ्यः च निर्देशः दत्तः यत् ते ६ अगस्तदिनाङ्के न्यायालये प्रस्तुतं कुर्वन्तु, येन न्यायालयः तेषां सह प्रत्यक्षतया संवादं कर्तुं शक्नोति, व्यक्तिगतरूपेण च तेषां इच्छानां वर्तमानपरिस्थितेः च आकलनं कर्तुं शक्नोति।

न्यायालयेन एतदपि अवलोकितं यत् याचिकायां उपलब्धाः तथ्याः प्राथमिकरूपेण सूचयन्ति यत् उभौ महिलाः स्वेच्छया इस्लामधर्मं स्वीकृत्य हिन्दुधर्मं त्यक्त्वा स्वपसन्दानुसारं विवाहस्य इच्छां प्रकटितवन्तौ। परन्तु अन्तिमनिष्कर्षं प्राप्तुं पूर्वं न्यायालयः द्वयोः महिलायोः सह व्यक्तिगतरूपेण अन्तरक्रियां कर्तुम् इच्छति यत् तेषां निर्णयः पूर्णतया स्वैच्छिकः अस्ति, न तु कस्यापि प्रकारस्य दबावेन प्रभावेण वा न कृतः इति

उच्चन्यायालयेन स्वस्य आदेशे सम्बन्धित-अधिकारिणः अपि चेतवन् यत् यदि ६ अगस्त-दिनाङ्के निर्धारितदिनाङ्के न्यायालयस्य समक्षं महिलाद्वयं न प्रस्तुतं भवति तर्हि सम्बन्धितपुलिस-अधिकारिभिः व्यक्तिगतशपथपत्राणि दातव्यानि यत्र आदेशस्य अनुपालनं किमर्थं न कर्तुं शक्यते इति व्याख्यायते, महिलानां उत्पादनार्थं एतावता कृतानां प्रयत्नानाम् विवरणं दत्तं।

## दक्षिणगुजरातस्य अनेकक्षेत्रेषु निरन्तरवृष्ट्या सामान्यजीवनं

ब्रह्मास्त्र ›› सूरत

दक्षिणगुजरातस्य अनेकक्षेत्रेषु निरन्तरवृष्ट्या सामान्यजीवनं बाधितं जातम्। नवसारीमण्डले शनिवासरे प्रातःकाले रात्रौ यावत् प्रायः सप्तइञ्च् वर्षा अभवत्। सर्वाधिकवृष्टिः वंसदातालुके १३ इञ्च्, नवसारी, खेरगम च अष्ट-इञ्च्-अष्ट-इञ्च् अभवत्। प्रचण्डवृष्ट्या मण्डले प्रवहन्त्याः पूर्णा-कावेरी-नद्याः संकटचिह्नात् उपरि प्रवहन्ति, येन निम्नक्षेत्रेषु जलप्रवाहः भवति। नवसारीजिल्लाप्रशासनस्य अनुसारं सावधानतारूपेण ९२३६ जनान् सुरक्षितस्थानेषु स्थानान्तरितम् अस्ति। प्रशासनं राहत-उद्धार-कार्यक्रमेषु निकटतया निरीक्षणं कुर्वन् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : अगर आप किसी रिश्ते में हैं, तो अपने साथी के साथ शांत, अच्छा समय बिताना आपके बॉन्ड को गहरा करेगा।

**वृषभ** : आज करियर को मजबूत कर सकते हैं और छोटी-छोटी जीत से मोटिवेटेड महसूस कर सकते हैं।

**मिथुन** : आज विचारों को साझा करने और हल्के-फुल्के कार्यों की योजना बनाने में प्रसन्नता महसूस करेंगे।

**कर्क** : कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन धन के बारे में क्लियर दृष्टिकोण लेकर आया है।

**सिंह** : आज ध्यान केंद्रित करने के लिए जगह चुनने से पहले सोचें। अच्छे शब्द आपके मूड को खुश कर देते हैं।

**कन्या** : आज शांत रवैया आपको विचारों को आसानी से साझा करने और पूरे दिन तनाव कम रखने में मदद करेगा।

**तुला** : आज योजना बनाने की बहुत जरूरत महसूस होगी। धैर्य और व्यवस्थित रहकर छोटी-छोटी चुनौतियों को सुलझा सकते हैं।

**वृश्चिक** : चाहे काम खत्म करना हो या नया शुरू करना हो, आपका दृष्टिकोण हर चीज को सही रूप से चलाने में मदद करता है।

**धनु** : धनु राशि के जातक आज के दिन का आनंद लेंगे। आप लंबित मुद्दों का समाधान पा सकते हैं।

**मकर** : आज दिन की शुरूआत उत्साह, सीखने, हंसने और नए अनुभवों का आनंद लेने के साथ होगी।

**कुंभ** : आज आपका संतुलित दृष्टिकोण तनावपूर्ण सिचुएशन में शांति ला सकता है। खुला दिमाग रखें।

**मीन** : आपकी भावनाएं संतुलित रहेंगी, जिससे आपको सिचूएेशन को क्लियर रूप से देखने में मदद मिलती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# अगस्त से अक्टूबर तक इन चार राशि वालों के लिए समय रहेगा लकी, भाग्य देगा पूरा साथ

हंस महापुरुष राजयोग सभी राशियों को अलग-अलग परिणाम प्रदान करता है। लेकिन कुछ जातकों को मनचाहा लाभ संभव है। जातकों को रुके हुए कार्यों में सफलता, आर्थिक लाभ, व्यापार में नई उपलब्धियां और कोई बड़ी खुशखबरी भी मिल सकती हैं।

भाग्य के कारक ग्रह गुरु वर्तमान में अपनी उच्च राशि कर्क में विराजमान हैं। गुरु के इस शुभ स्थान पर होने से हंस महापुरुष राजयोग का निर्माण हो रहा है, जिसे पंच महापुरुष योगों में सबसे शुभ माना गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यह राजयोग जीवन में सम्मान-सफलता, धन और उन्नति लेकर आता है। इसके अलावा यह कुछ राशि वालों के लिए भी भाग्यशाली साबित होता है। दरअसल, गुरु 31 अक्टूबर 2026 को सूर्य की राशि सिंह में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही कर्क राशि में बना हंस महापुरुष राजयोग समाप्त हो जाएगा। लेकिन तबतक अगस्त, सितंबर और अक्तूबर का समय कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से कल्याणकारी रहेगा। इस अवधि में जातकों को मनचाहा लाभ और भाग्य का पूरा साथ प्राप्त हो सकता है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।



**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों के लिए अक्टूबर तक का समय नई सफलताओं से भरा रह सकता है। गुरु आपकी ही राशि में विराजमान होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। भाग्य आपका पूरा साथ देगा और संतान से जुड़ी परेशानियां दूर होती हुई नजर आएंगी। विवाह के लिए अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। जीवन में खुशियां बनी रहेंगी आपकी बातों का प्रभाव लोगों पर साफ दिखाई देगा।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए यह अवधि भाग्य का भरपूर साथ लेकर आ सकती है। आप कोई घर खरीदने का प्लान भी बना सकते हैं। लंबे समय से जिस काम में रुकावट आ रही थी, उसमें सफलता मिलने की संभावना है। निवेश के अच्छे मौके आपको लाभ देकर जा सकते हैं। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में मजबूत होगी। व्यापार करने वालों को नए अवसर प्राप्त होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ा शुभ समाचार मिल सकता है।

**धनु राशि–** धनु राशि वालों के लिए गुरु का यह शुभ प्रभाव तरक्की लेकर आ सकता है। काम को लेकर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा और रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां और सम्मान मिल सकता है। आपकी काम आपकी पहचान इस समय बन सकता है और अंदर से प्रसन्न महसूस करेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों के लिए अक्टूबर तक का समय काफी शुभ रह सकता है। भाग्य का सहयोग सभी काम में अच्छे परिणाम प्रदान करेगा। नौकरी में अच्छे परिणाम मिलेंगे। यदि आप किसी कॉलेज में प्रवेश की तैयारी कर रहे हैं, तो सफलता मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। प्रेम विवाह के लिए मीन राशि वालों को मंजूरी मिलेगी।

सात्विक-चिराग को 5वीं वरीयता, 17 अगस्त से नई दिल्ली में टूर्नामेंट

# सिंधु को वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में 9वीं सीड मिली

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

2 बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु को महिला सिंगल्स में 9वीं वरीयता दी गई है। वहीं, स्टार पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 5वीं वरीयता मिली है।

सोमवार को वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों की वरीयता सूची जारी कर दी गई है। यह चैंपियनशिप नई दिल्ली में 17 से 23 अगस्त तक होने वाली है। चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का क्वालिफिकेशन 28 अप्रैल 2026 की वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर हुआ था, जबकि वरीयता 28 जुलाई 2026 की रैंकिंग के अनुसार तय की गई है। सिंधु ने पिछले महीने जापान ओपन जीता था। जबकि सात्विक और चिराग 2022 एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

**लक्ष्य को 14वीं, तनीषा को 15वीं वरीयता–** भारत के पास चैंपियनशिप की सभी पांच श्रेणियों में दो-दो प्रविष्टियां हैं। इनमें से चार श्रेणियों में कम से कम एक भारतीय खिलाड़ी या जोड़ी को वरीयता मिली है।



सिंधु और सात्विक-चिराग के अलावा, पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पुरुष सिंगल्स में 14वीं वरीयता दी गई है। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को 15वीं वरीयता मिली है।

**टॉप सीड खिलाड़ियों की स्थिति–** पुरुष सिंगल्स में चीन के वर्ल्ड चैंपियन शी यूकी और महिला सिंगल्स में दक्षिण कोरिया की स्टार एन से यंग टॉप सीड हैं। महिला सिंगल्स में जापान की वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची को दूसरी वरीयता मिली है, जबकि चीन की वांग झी यी और चेन यूफेई क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। पुरुष डबल्स में दक्षिण कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे टॉप पर हैं। महिला डबल्स में चीन की लियू शेंग शू और टैन निंग को पहली वरीयता मिली है। मिक्स्ड डबल्स में चीन के ही फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग टॉप सीड हैं।

**2 दिन बाद ड्रॉ जारी होगा–** चैंपियनशिप के लिए ड्रॉ बुधवार को दिल्ली में निकाला जाएगा। यदि ड्रॉ से पहले कोई वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपना नाम वापस लेता है, तो अंतिम वरीयता सूची में बदलाव हो सकता है। यह टूर्नामेंट इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

## 42 साल की सोफी ने आलप्स पार कर रचा इतिहास

ब्रह्मास्त्र ›› लंदन

42 वर्षीय अल्ट्रा-रनर सोफी वुड्स ने खेल जगत में एक नया मुकाम हासिल किया है। न्यूजीलैंड की सोफी ने दुनिया की सबसे कठिन एंड्यूरेंस चुनौतियों में से एक वाया एल्पिना को महज 29 दिनों में पूरा कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दो हजार किलोमीटर की दौड़ में सोफी ने आठ देशों की सीमाओं को पार किया। इस पूरी दौड़ के दौरान उन्होंने जितनी ऊंचाई की चढ़ाई की, वह माउंट एवरेस्ट पर 12 बार चढ़ने के बराबर है। सोफी ने इस मैराथन की



शुरूआत 4 जुलाई को इटली से की थी। इसके बाद उनका यह सफर स्लोवेनिया, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, लिकटेंस्टीन, स्विट्जरलैंड और फ्रांस के रास्तों से होते हुए शनिवार रात को मोनाको के भूमध्यसागरीय तट पर जाकर खत्म हुआ। उन्होंने ब्रिटिश रनर जेक कैटरल का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 2024 में इसी रूट को 35 दिनों में पूरा किया था। अपनी इस कामयाबी पर सोफी ने कहा कि वे बेहद खुश हैं, लेकिन बुरी तरह थक चुकी हैं। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने आखिरी के कुछ दिनों में केवल डेढ़ से ढाई घंटे की ही नींद ली। सोफी और उनकी टीम को रास्ते में दो खतरनाक हीटवेव, भयंकर तूफानों और खतरनाक कीड़ों (हॉर्सफ्लाइज) के हमलों का सामना करना पड़ा। यूरोप के कई देश इस समय भयानक हीटवेव और जंगलों की आग से जूझ रहे हैं।

## बाबर शतक चूके, 88 रन बनाकर आउट



ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 12 रन से शतक चूक गए। वे मंगलवार को 88 रन पर रनआउट हो गए।

बाबर के पास 4 साल बाद टेस्ट शतक बनाने का मौका था। उन्होंने 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची में पिछला शतक लगाया था। तब बाबर ने 161 रन की पारी खेली थी। बाबर उस मैच में भी कप्तानी कर रहे थे।

2023 में खराब फॉर्म की वजह से बाबर आजम ने कप्तानी छोड़ दी थी। उसके बाद शान मसूद को रेग्युलर टेस्ट कप्तान बनाया गया था। 5 जुलाई 2026 को बाबर आजम को एक बार फिर पाकिस्तान की टेस्ट कप्तान बनाया गया था। बाबर के पास 10वां टेस्ट शतक लगाने का मौका था

# कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद पाकिस्तानी बॉक्सर टीम होटल से लापता

### पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास है, फेडरेशन पर फिर सवाल उठे



ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो

ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स खत्म होने के बाद पाकिस्तान के बॉक्सर कुदरतुल्लाह टीम होटल से गायब हो गए हैं। इस घटना के बाद पाकिस्तान बॉक्सिंग फेडरेशन एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है।

न्यूज एजेंसी ने पाकिस्तान ओलिंपिक एसोसिएशन के सूत्र के हवाले से मंगलवार को बताया कि कुदरतुल्लाह अपने वेट कैटेगरी में मुकाबला खेलने के बाद होटल से गायब हुए। हैरानी की बात यह है कि बॉक्सर का पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास था, फिर भी वे वहां से निकलने में कामयाब रहा।

**कैसे लापता हुआ पाकिस्तानी बॉक्सर–** कुदरतुल्लाह को आखिरी बार रविवार, 2 अगस्त, 2026 को लगभग सुबह 2:00 बजे उनके होटल के कमरे में देखा गया था। सुबह करीब 9:00 बजे जब राष्ट्रीय दल हवाई अड्डे के लिए रवाना होने के लिए लॉबी में इकट्ठा हुआ, तब उसके लापता होने का पता चला। कुदरतुल्लाह वह अपना सामान वहीं छोड़ गया, जबकि उसका पासपोर्ट और वापसी का टिकट टीम मैनेजर के पास ही रह गया।

**पहले भी गायब हो चुके हैं पाकिस्तानी खिलाड़ी–** पाकिस्तान के खिलाड़ियों के विदेश में गायब होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी लगभग हर बड़े इंटरनेशनल इवेंट के दौरान पाकिस्तानी बॉक्सर्स के विदेश में गायब होने की खबरें सामने आती रही हैं। साल 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान भी दो पाकिस्तानी बॉक्सर सुलेमान बलोच और नजीरउल्लाह खान बर्मिंघम में गायब हो गए थे। उस समय भी उनके पासपोर्ट कथित तौर पर टीम के मुखिया के पास ही थे। साल 2024 में इटली के बुस्टो अर्सिजियो शहर में हुए वर्ल्ड ओलिंपिक क्वालिफायर के दौरान भी ऐसा ही एक मामला हुआ था। तब एशियाई गोल्ड मेडलिस्ट बॉक्सर जोहैब रशीद अपने रूममेट की विदेशी मुद्रा और कीमती सामान लेकर फरार हो गया था।

## खबर एक नजर...

### लाल-नीली बत्ती और हूटर लगे वाहनों से वसूला जुर्माना



**उज्जैन।** यातायात पुलिस द्वारा अनाधिकृत तरीके से वाहनों पर लाल-नीली बत्ती लगाने के साथ हूटर लगाकर वाहन दौड़ने वाले चालकों के खिलाफ 1 से 10 अगस्त विशेष चालानी अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर सूबेदार इंद्रपालसिंह के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान अनाधिकृत रूप से लाल-नीली पुलिस जैसी फ्लैशर लाइट लगाकर वाहन चलाने वाले से मोटरयान अधिनियम की धारा 108 में 3 हजार का चालान कर शुल्क वसूला गया। शासकीय स्टिकर/मोनोग्राम का उपयोग करने वाले वाहनों के खिलाफ धारा 114 में 500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। वहीं वाहन के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगी होने पर धारा 100 के अंतर्गत 500 का जुमार्ना वसूला गया और वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि अनाधिकृत रूप से वाहनों में इस तरह से हूटर, लाल-नीली फ्लैशर लाइट, शासकीय स्टिकर और ब्लैक फिल्म का उपयोग नहीं किया जाये। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील की गई कि अनाधिकृत उपकरण और शासकीय प्रतिको का उपयोग करने पर यातायात नियमों को उल्लंघन माना जायेगा और वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

### कार में लगा जीपीएस बंद करने पर मारा चाकू

**उज्जैन।** मक्सीरोड पंवासा में रहने वाले सुमीत पिता मुकेश मालवीय 22 साल को सोमवार-मंगलवार रात माधवनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 8 के बाहर विक्की राठौर और उसके एक साथी ने चाकू मारकर घायल कर दिया। चाकूबाजी की खबर मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस लोटि तिराहा रेलवे स्टेशन पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां बयान दर्ज करने पर सामने आया कि सुमीत पूर्व में विक्की राठौर की कार चलाता था। उस वक्त कार का जीपीएस सिस्टम बंद किया था। जिसको लेकर कहासुनी हुई थी, उसके बाद काम छोड़ दिया था। जीपीएस बंद करने की पुरानी बात को लेकर ही उसने चाकू से हमला किया है। मामले में घायल की शिकायत पर विक्की राठौर और उसके 2 साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार विक्की राठौर खुद को धार्मिक संगठन का कार्यकर्ता बताता है। मंगलवार सुबह वह 2 साथियों को लेकर थाने आया था और रात में हुई घटना में साथियों के घायल होने की शिकायत दर्ज कराने की बात कहने लगा। फिलहाल उसके घायल साथियों के संबंध में जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टता साथियों के घायल होने का मामला झूठा प्रतीत हो रहा है।

### माकडोन में 65 साल के वृद्ध पर लाठी से हमला

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम खज्जूखेड़ी से मंगलवार शाम गंभीर घायल हालत में 65 साल के वृद्ध नारायण पिता लालसिंह को परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वृद्ध के सिर में चोंट लगी थी और हाथ में फैक्चर था। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। घायल नारायण ने बताया कि उस पर गांव में रहने वाले गट्टूसिंह ने लाठी से हमला किया है। वह घर से कीटनाशक की टंकी उठाकर ले जा रहा था, जिसे मना किया तो उसने हमला कर जान से मारने की धमकी दी। वृद्ध के साथ मारपीट का एक मामला तराना थाना क्षेत्र के हाटबाजार से सामनेआया। 60 वर्षीय विरेन्द्र पिता लल्लूसिंह बघेल निसी तोतला मार्ग तराना पैदल घर लौट रहे थे। हाटबाजार में 2 अज्ञात युवकों ने रोका और बेवजह मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तराना पुलिस ने मारपीट करने वाले अज्ञात युवकों की तलाश कर रही है।

### बदमाशों ने चुराई बाड़े में बंधी मुर्रा प्रजाति की भैंस

**उज्जैन।** ग्रामीण क्षेत्रों में मुर्रा प्रजाति की भैंस चोरी करने वाले बदमाश सक्रिय दिखाई दे रही है। नया मामला भैरवगढ़ थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस ने जितेन्द्र पिता रामलाल मालवीय की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ 80 हजार रुपए कीमत की भैंस चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा बदमाशों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि ग्रामीण क्षेत्रों से पहले भी मुर्रा प्रजाति की भैंस चोरी के मामले सामने आ चुके है। पुलिस ने बदमाशों का गिरफ्तार भी किया है, बावजूद भैंस चोरी की वारदात कम नहीं हो रही है। बताया जाता है कि मुर्रा भैंस 80 हजार रुपए से लेकर लाखों कीमत की आती है। जो प्रतिदिन आम भैंसों के मुकाबले कई गुना अधिक दूध देती है। यही वजह है कि बदमाश मुर्रा भैंस चोरी कर दूसरे शहरों में बेच देते है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 114-6 | 780-5 |
| मेन बाजार | 100-1 | 289-9 |
| मिलन डे | 248-4 | 133-7 |
| मिलन नाइट | 380-1 | 470-1 |

2 6 0

---

#### धार्मिक नगरी में आई थी हरियाणा-राजस्थान की गैंग

# सावन में भीड़ के बीच वारदात करने का था मकसद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी धार्मिक नगरी में सावन माह की शुरूआत होने पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रही है। इसी का फायदा उठाकर वारदात करने के मकसद से हरियाणा-राजस्थान गैंग उज्जैन आई थी। पुलिस ने गैंग के 19 महिला-पुरूष सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सावन माह में श्रद्धालुओं के साथ मंदिर के आसपास और सवारी के दौरान वारदात होने की पूर्व से आशंका थी, जिसके चलते पुलिस संदिग्धों पर पहले से नजर रख रही थी, पुलिस की टीमें सुरक्षा-व्यवस्था पूरी तरह से अलर्ट पर थी। सोमवार को बाबा महाकाल की पहली सवारी निकाली गई थी, इसी बीच मंदिर क्षेत्र के 3 अलग-अलग स्थानों से सूचना मिलने पर दबिश देकर राजस्थान-हरियाणा से आई बदमाशों की गैंग के 19 सदस्यों को पकड़ा गया। जिसमें महिलाएं भी शामिल है। गैंग के पास से चोरी में प्रयुक्त होने वाले औजारों के साथ चाबियों के गुच्छे भी बरामद किये गये है। गैंग से पूछताछ में सामने आया कि उनका मकसद श्रद्धालुओं की भीड़ में मोबाइल, चेन, पर्स चोरी करने के साथ रात में सूने मकानों के ताले तोड़कर वारदात करने का था। थाना प्रभारी के अनुसार हिरासत में आये 19 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 313 बीएनएस और 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल था, जिसे नोटिस तामिल कराकर छोड़ा गया है। शेष को जेल भेज कर गैंग के 6 पुरूषों से पूछताछ की जा रही है। जिन्हे बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

**गौंड बस्ती, नृसिंहघाट से पकड़ाई महिलाएं-** थाना प्रभारी बादल ने बताया कि सबसे पहले सूचना मिलने पर 6 महिलाओं को गौंड बस्ती और नृसिंहघाट कालोनी के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनका मकसद रात को मकानों में चोरी करना और दिन में भीड़ के बीच पर्स, मोबाइल और चेन चुराने का था। पूछताछ में महिलाओं के नाम गुड्डीबाई पति रमेश माली, रेखा उर्फ सोनिया पति राजकुमार माली, नीतूबाई पति पप्पू माली, नरेशबाई पति रविन्द्र उर्फ राजू माली, सोनिया पति खन्ना माली, निवासी इकरन, जिला भरतपुर (राजस्थान) और सपना पति राजेन्द्र सैनी निवासी ग्राम तिकतोली छोटी खुर्द जिला मुरैना सामने आये।





#### दूसरी गैंग स्मार्ट पार्किंग के पास धराई

पुलिस की टीम ने वारदात की नियत से घूम रही दूसरी गैंग को स्मार्ट पार्किंग क्षेत्र से पकड़ा जिसमें सूरज पिता बंशी बावरी, निवासी कोटा (राजस्थान), सूरज पिता रमेश कुमार बावरी भटिंडा (पंजाब), मुकेश पिता डेनियल भुरिया, अनिल पिता बिलसन सारे, निवासी भोपाल बिरपाल पिता विजेन्द्र ठाकुर भरतपुर (राजस्थान) और सुरेश पिता रमेश जाटव, निवासी कोटपुतली (राजस्थान) शामिल थे। जिनके पास से चाकू-तलवार, प्लायर, चाबी के गुच्छे बरामद किये गये।

#### हरियाणा की गैंग में शामिल थे 7 आरोपी

थाना प्रभारी के अनुसार चोरी के मकसद से आये तीसरी गैंग के 7 सदस्य महाकाल मंदिर के आसपास वारदात की नियत से घूम रहे थे। जिन्हे हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उनके नाम रामवीर पिता दंदवा, रईस पिता रमजान खान, सतीश पिता फूलसिंह, बलिया पिता मजहर, अरमान पिता सलीम, अफजल पिता शेरू और शरीफ पिता रमजान निवासी फरीदाबाद, पलवल हरियाणा है।

---

#### श्रावण के प्रारंभिक दिनों में ही चमक उठा धर्मनगरी का फुटकर बाजार

# डे-विजिटर बने फुटकर व्यापारियों के लिए संजीवनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी में श्रावण का रंग चढ़ते ही लाखों श्रद्धालु महाकाल के दरबार पहुंच रहे हैं। बीते 5 दिन में 16 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन कर चुके हैं। सोमवार की पहली सवारी में तो सड़कों पर 8 लाख से ज्यादा लोग उमड़े। भीड़ का यह आंकड़ा धर्मनगरी आने वाले डे-विजिटर शहर के फुटकर व्यापारियों के लिए संजीवनी बनकर आया हैं।

फुटकर बाजार में सुबह से शाम तक ग्राहकों की कतारें लग रही हैं। फूटकर व्यवसायी बताते हैं किअभी जो आ रहे हैं, वे 300 किमी के दायरे से हैं। ये सुबह आते हैं, दर्शन-पूजन करते हैं और शाम तक लौट जाते हैं। पिकनिक की तरह से शहर में आते हैं ओर जमकर खर्च करते हैं। इसी वजह से बाजार गुलजार है।



बीते 5 दिनों में भीड़ का आंकडा 16 लाख पार, अभी पूरा माह बरकरार

#### प्रसाद से लेकर मेहंदी, हर चीज की डिमांड

मंदिर के आसपास, सवारी मार्ग और गोपाल मंदिर से लेकर पटनी बाजार तक हर दुकान पर भीड़ है। पूजा सामग्री, फूल-माला, कुमकुम, नारियल, प्रसाद के साथ-साथ खाना-नाश्ता, चाय, ऑटो-ईरिक्शा और मेहंदी की दुकानों पर सबसे ज्यादा ग्राहकी है। व्यापारी उमेश मित्तल कहते हैं, पिछले साल के मुकाबले इस बार फुटकर बिक्री में 30-40% का उछाल है। श्रद्धालु 2 घंटे के लिए आ रहे हैं, पर 500-1000 रु. खर्च करके जा रहे हैं। यह फुटकर व्यापारियों के लिए स्सोने पर सुहागा बन गया है।

#### सवारी ने बढ़ाया कारोबार

3 अगस्त को निकली पहली सवारी ने व्यापार को नई उड़ान दी। पालकी के साथ चलने वाली 70 भजन मंडलियों और लाखों श्रद्धालुओं की वजह से मार्ग पर अस्थायी दुकानें, ठेले और प्रसाद की स्टॉल्स की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सवारी के दौरान 8 लाख से ज्यादा लोग सड़क पर थे, जिसका सीधा फायदा रेहडी वालों को मिला। यहां तक की घुमकर पानी की बोतल बेचने वालों ने अच्छी कमाई की है।

#### तीसरा सप्ताह बनेगा टर्निंग पॉइंट

व्यापारियों की निगाहें अब 10 अगस्त से शुरू होने वाले तीसरे सप्ताह पर हैं। 10 को दूसरी सवारी, 17 को तीसरी सवारी और बीच में 13 से 17 अगस्त तक लगातार अवकाश है। 15 अगस्त का तीन दिवसीय अवकाश भी है।

#### प्रशासन से व्यवस्था की मांग

बढ़ती भीड़ से फूटकर व्यापारियों ने प्रशासन से साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर व्यवस्था ठीक रही तो यह श्रावण फुटकर व्यापारियों के लिए पिछले 5 सालों में सबसे बड़ा सीजन साबित होगा।

---

# रिमांड पर हरसिद्धी मंदिर के पास से चेन चुराने वाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। सावन माह के पहले सोमवार पर हरसिद्धी मंदिर के पास से चार महिलाओं के गले से चेन-मंगलसूत्र चोरी हो गये थे। चोरी में शामिल एक महिला को लोगों की मदद से पकड़ा गया था, जिसे मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है।

बाबा महाकाल के दर्शन करने सोमवार को 7 लाख से अधिक श्रद्धालु धार्मिक नगरी में आये थे। आस्था की भीड़ में बदमाश भी शामिल थे। हरसिद्धी मंदिर के पास सुबह के समय चार महिला श्रद्धालु अनिता पति घनश्याम, आरती पति अजय निवासी रतलाम, कमलाबाई राजस्थान और मुम्बई से आई सीजी पति मुरली के गले से दो तोला वजनी चेन खींच चोरी हो गई थी। तीन वारदात में चेन चोरी करने वाले सफल हो गये थे, लेकिन चौथी वारदात करते समय मुम्बई की महिला श्रद्धालु ने अपने पति और लोगों की मदद से चेन चोरी कर भाग रही महिला को पकड़ लिया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चेन चुराने वाली का नाम अमरी पति सुरेश बाछड़ा 40 साल निवासी ग्राम हाड़ी पिपलिया थाना मनासा जिला नीमच सामने आया था। पुलिस ने उससे चेन में लगा पैंडल बरामद किया था। महिला ने बताया कि चोरी के बाद चेन उसने महिला साथी को दे दिया था। पुलिस ने उसके खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। एसआई नेहा जादौन ने बताया कि महिला आरोपिया से उसकी महिला साथी के बारे में पूछताछ की जा रही है। वहीं अन्य 3 वारदतों में शामिल महिलाओं के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। विदित हो कि सोमवार को चार से पांच वारदात महाकाल थाना क्षेत्र और 2 चेन मंगलसूत्र चोरी के मामले में खाराकुआ थाना क्षेत्र में सामने आये थे।

---

# सूने मकान में चोरी का प्रयास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकानों-दुकानों में चोरी करने वाले बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे है। सोमवार-मंगलवार रात एक मकान में बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया, कीमती सामान के लिये पूरा घर अस्त-व्यस्त कर दिया। लेकिन उनके हाथ कुछ खास नहीं लग पाया।

मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर का है। यहां रहने वाली अनिता पति श्रीजी एलआईसी एजेंट है। मंगलवार सुबह उन्होने पुलिस को मकान का ताला टूटा और सामान अस्त-व्यस्त होने की सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर अनिता ने बताया कि रात में उनके घर में बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया है। वह अपना मकान शिफ्ट कर रही है, अधिकांश कीमती सामान नये मकान में पहुंचा दिया था, रात में परिवार भी उसी मकान में था। पुराना मकान सूना होने पर बदमाशों ने ताला तोड़ा है। मकान में कुछ खास सामान नहीं था बदमाश सिर्फ जरूरी दस्तावेज लेकर गये है। पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये है। फिलहाल मामले में शिकायत दर्ज नहीं की गई है। विदित हो कि 2 दिन पहले नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कृष्णा परिसर में चोरों ने धावा बोला था और जयपुर गये सोनी परिवार के मकान से आभूषणों के साथ नगदी चोरी कर ली थी। वहीं पास के 2 मकानों के ताले भी तोड़े थे। नानाखेड़ा थाना पुलिस को चार बदमाशों के फुटेज भी मिले है। जिसके आधार पर उनका पता लगाया जा रहा है। पिछले माह शहर के पॉश फ्रीगंज क्षेत्र में बदमाशों ने 2 दुकानों के शटर उचाकर 1 करोड़ से अधिक के मोबाइल चोरी कर लिये थे, जिसका अब तक सुराग नहीं मिल पाया है।

---

# प्रेम विवाह करने वाले युवक ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रेम विवाह करने वाले युवक ने 3 माह बाद मंगलवार सुबह फांसी लगा ली। युवक पत्नी के साथ मजदूरी करने उज्जैन आया था। मामला पति-पत्नी के विवाद का सामने आ रहा है। पति को फंदे पर लटका देख पत्नी बेहोश हो गई थी।

नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वेद ने बताया कि सुबह ग्राम शक्करवासा स्थित रवि एम्प्रो प्लांट स्थित टीनशेड़ के बने कमरे में दिनेश पिता पारू 21 साल द्वारा दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। विवेचना में सामने आया कि दिनेश मेघनगर झाबुआ का रहने वाला था और प्लांट पर मजदूरी करने पत्नी शीला के साथ आया हुआ था। पत्नी सुबह खाना बनाने के लिये लकड़ी बीने गई थी, वापस लौटी तो पति को फंदे पर लटका देख बेहोश हो गई थी। मामले की सूचना दिनेश के परिजनों को दी गई। दोपहर में परिजन उज्जैन पहुंचे तो सामने आया कि दिनेश ने 3 माह पहले ही शीला से प्रेम विवाह किया था। दोनों का परिवार उनकी शादी से राजी था। शादी के बाद दोनों काम करने उज्जैन आ गये थे। वहीं पत्नी से पूछताछ में पता चला कि 2-3 दिनों से बात नहीं कर रहे थे। पुलिस ने आशंका जताई कि मामला पति-पत्नी के बीच विवाद का हो सकता है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जिसे अंतिम संस्कार के लिये मेघनगर ले जाया गया है। परिजनों और पत्नी के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू की जायेगी।

#### मल्टी की चौथी मंजिल से गिरे युवक की मौत

निमार्णाधीन मल्टी से मंगलवार दोपहर को गिरे युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में मौत हो गई। युवक मजदूरी करने आया था, रतलाम से परिजनों के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। नीलगंगा थाना एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया मंछामन में निमार्णाधीन मल्टी की चौथी मंजिल से गिरने पर बबलू पिता गुलाब 20 साल निवासी ग्राम ऊनी रतलाम की मौत होने की सूचना मिली थी। उसे मल्टी में काम करने वाले मजदूर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मामले में मर्ग कायम किया गया और विवेचना शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि मृतक बबलू कुछ दिन पहले ही मजदूरी करने आया था। दोपहर में चौथी मंजिल पर अकेला काम कर रहा था उसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर नीचे आ गिरा था। एएसआई राठौर के अनुसार घटना से परिजनों का अवगत कराया गया। जिनके आने पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

---

#### रेट लिस्ट गायब, श्रद्धालुओं से तय किराए से कई गुना अधिक वसूल रहे किराया

# कई प्रीपेड बूथ बंद, ऑटो-ई रिक्शा चालकों की मनमानी फिर बढ़ी

## महाकाल मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन के लिए जाने वाली सवारियों को ही दी जा रही प्राथमिकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल नगरी में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी एक बार फिर बढ़ने लगी है। रेलवे स्टेशन, देवास गेट और महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र में यात्रियों को निर्धारित किराए पर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए प्रीपेड बूथ अब अधिकांश स्थानों पर बंद पड़े हैं। कई बूथों पर ताले लटके हैं, जबकि बाहर लगी किराया सूची (रेट लिस्ट) भी हटा दी गई या मिटा दी गई है। इसका सीधा नुकसान बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को उठाना पड़ रहा है, जिनसे मनमाना किराया वसूला जा रहा है।

सावन माह में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से ऑटो व ई-रिक्शा के माध्यम से महाकाल मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों तक पहुंचते हैं। लेकिन प्रीपेड व्यवस्था कमजोर पड़ने के बाद कई चालक महाकाल मंदिर तक पहुंचाने के लिए 150 से 200 रुपये तक किराया वसूल रहे हैं, जबकि निर्धारित किराया इससे काफी कम है।

कुछ समय पहले यातायात विभाग ने रेलवे स्टेशन, देवास गेट और अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रीपेड बूथ शुरू कर किराया सूची भी सार्वजनिक की थी। इससे यात्रियों को रसीद के साथ निर्धारित किराए पर यात्रा की सुविधा मिल रही थी और चालकों की मनमानी पर अंकुश लगा था। वर्तमान में बूथ बंद होने और रेट लिस्ट हट जाने से यह व्यवस्था लगभग कमजोर हो गई है। इसका लाभ उठाकर कई चालक फिर से मनमाना किराया वसूल रहे हैं।




#### बाहर से दर्शन के लिए आने वाली सवारियों को ही प्राथमिकता

शहर में ऑटो और ई-रिक्शा की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद कई चालक केवल महाकाल मंदिर और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों की सवारी लेने में रुचि दिखा रहे हैं। शहर के अन्य क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को अक्सर वाहन नहीं मिलते या चालक जाने से मना कर देते हैं। इससे स्थानीय नागरिकों और सामान्य यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### होटलों से कमीशन के कारण बाहर के यात्रियों पर ज्यादा फोकस

कुछ लोगों का कहना है कि कई ऑटो और ई-रिक्शा चालक बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को होटल तक पहुंचाने पर होटल संचालकों से कमीशन प्राप्त करते हैं। यही कारण है कि चालक बाहरी यात्रियों को प्राथमिकता देते हैं। इससे उन्हें किराए के साथ अतिरिक्त आय भी हो जाती है, जबकि स्थानीय यात्रियों की अनदेखी की जा रही है। इस संबंध में कई लोगों ने प्रशासन से शिकायत भी की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com